
**सुविचार**
जिंदगी में कभी भी अपने आप पर घमंड मत करना, क्योंकि पत्थर जब पानी में गिरता है, तो वह भी अपने ही वजन से डूब जाता है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Monday, 28 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 222 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com



08
फिर साथ काम करेंगे रवीना टंडन-अक्षय...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 64,886.51 |
| निफ्टी | : | 19,265.80 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,640 |
| चांदी | : | 71.49 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# KOLHAN में सुरक्षाबलों ने नक्सली कैंप को किया ध्वस्त

## पुलिस को देख भाग खड़े हुए माओवादी, समान बरामद


नक्सली कैंप से बरामद सामान ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कोल्हान प्रमंडल में पश्चिमी सिंहभूम पुलिस व सीआरपीएफ ने भाकपा माओवादियों के खिलाफ चला रही संयुक्त ऑपरेशन में बड़ी सफलता हासिल की है। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने रविवार को कराईकेला थाना अंतर्गत वनग्राम उनीबेस और गितिउली जंगल के समीप नक्सलियों के कैम्प को ध्वस्त कर दिया। कैंप से भारी मात्रा में नक्सलियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले रोजमर्रा के सामान बरामद हुए हैं। इस मामले में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, रमेश उर्फ अनल, अजय महतो, अनमोल, मोछु चमन, काडे, सागेन अगरिया, अश्विन अपने दस्ता के सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील हैं। उक्त सूचना के आलोक में इनके विरुद्ध कारगर कार्रवाई हेतु चाईबासा पुलिस, कोबरा 209, 203, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60, 197, 157, 174, 134, 193, 07, 26 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान चलाई जा रही है।

इसी क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के चमन उर्फ लम्बु, अमित मुंडा, सालुका कायम, प्रभात मुण्डा उर्फ मुखिया अपने दस्ता के साथ चाईबासा-सरायकेला एवं खूंटी जिला के सीमावर्ती क्षेत्र में भ्रमणशील है। इस सूचना के बाद सुरक्षाबल शनिवार से कराईकेला थानान्तर्गत वनग्राम नवादा, उनीबेरा, सारूगोड़ा एवं गितिउली के सीमावर्ती जंगल क्षेत्रों में अभियान चला रहे थे। अभियान के क्रम में रविवार की सुबह लगभग 10 ।15 बजे कराईकेला के वनग्राम उनीबेस और गितिउली जंगल के समीप भाकपा माओवादी द्वारा उस क्षेत्र में बनाए हुए कैम्प को सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया। इससे पूर्व सुरक्षाबलों को देख नक्सली मौके से फरार हो गए। इस कैंप से चावल, दाल लगभग 30 किग्रा एवं दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं, प्लास्टिक का टेन्ट 07, दो जोड़ी जूते, दो बैटरी, बिजली के तार, एक गैती, दो मशाल, थर्मस, बर्तन के साथ आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयां आदि बरामद किये गये हैं।

### बौखलाए नक्सली, सात दिनों में की चार ग्रामीणों की हत्या

कोल्हान क्षेत्र में सुरक्षाबलों की लगातार दबिश से नक्सली बौखला गये हैं। पुलिस मुखबिरी के आरोप में नक्सली ग्रामीणों को निशाना बना रहे हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो में 11 अगस्त, 2023 को हुई मुठभेड़ के बाद नक्सली लगातार ग्रामीणों की हत्या कर रहे हैं। अबतक चार ग्रामीण को मौत के घाट उतार चुके हैं। पुलिस मुखबिर के संदेह में ग्रामीणों की हत्या कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, 11 अगस्त को मुठभेड़ में भाकपा माओवादी नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ। तीन नक्सलियों के मारे जाने व कई के घायल होने की बात आ रही है। हालांकि, पुलिस व नक्सलियों ने अबतक बयान जारी नहीं किया है। मुठभेड़ में नक्सलियों के 11 बंकर ध्वस्त हुए थे। वहीं ग्रेनेड सहित रोजमर्रा के सामान को जब्त किया था। सूत्रों की मानें, तो टोंटो के रेड़ाकोचा जंगल में मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों के शव को साथी नक्सली लेकर फरार हो गये थे। पुलिस ने नक्सलियों का इस्टर्न रिजनल ब्यूरो के हेडक्वार्टर को ध्वस्त कर दिया था। इसमें आइआरबी शीर्ष कमांडर व सेंट्रल कमेटी के सदस्य एक करोड़ का इनामी मिसिर बेसरा रहता था।

**मुठभेड़ के बाद से कुख्यात नक्सली की कथित पत्नी गायब:** सूत्रों के अनुसार, 11 अगस्त की मुठभेड़ के बाद 12 -15 नक्सलियों का नेतृत्व कर रहा कुख्यात नक्सली सिंगराय की कथित पत्नी रीता लापता है। आशंका है कि उसकी मौत या घायल हो गयी है। अभी यह बात स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**इन ग्रामीणों की हत्या कर चुके हैं नक्सली :** नक्सली बीते आठ दिनों में चार ग्रामीणों की हत्या कर चुके हैं। इनमें कदमडीह पंचायत के वृद्ध रांदो सुरीन, राजाबासा के लोवाबेड़ा टोला निवासी अर्जुन सुरीन, रेंगड़ा गांव के सुपाय मुरकंड व सांगाजाटा के जयसिंह अंगारिया शामिल है। सूत्रों की मानें, तो अर्जुन सुरीन नक्सलियों के लिए काम काम करता था। उनके मुख्यालय में खस्सी, राशन व अन्य सामग्री पहुंचाया करता था। लोवाबेड़ा में अर्जुन सुरीन का एकमात्र घर था। रांदो सुरीन का नक्सलियों से अच्छा संबंध था।

## बंगाल में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट आठ की मौत

**AGENCY KOLKATA :** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में रविवार (27 अगस्त) की सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इसमें कम से कम 8 लोगों के मारे जाने की सूचना है और कई अन्य लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया है कि विस्फोट सुबह करीब 10 बजे उस समय हुआ, जब कोलकाता से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में स्थित दत्तपुकुर थाना क्षेत्र में नीलगंज के मोशपोल इलाके में कई लोग पटाखा फैक्ट्री में काम कर रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक छह शव मिले हैं। विस्फोट में कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मई में पूर्वी मेदिनीपुर जिले के एगरा में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में ऐसा ही विस्फोट हुआ था, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई थी। सूत्र बता रहे हैं कि अब तक आठ लोगों की मौत की सूचना है। मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। 10 से अधिक लोग घायल हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। दत्तपुकुर थाना अंतर्गत नीलगंज फांड़ी के नीलगंज ग्राम पंचायत इलाका के मोशपोल पश्चिमपाड़ा में विस्फोट हुआ है। विस्फोट के बाद ईंट-सीमेंट से बना मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। खबर मिलते ही दमकल वाहनों को घटनास्थल पर आग बुझाने के लिए भेजा गया। यह भी बताया जा रहा है कि विस्फोट की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मकान में काम कर रहे लोगों के शव घटनास्थल से 50 और 100 मीटर की दूरी तक मिले। ये लोग पूरी तरह से जल चुके थे।

# चांद के तापमान को नाप रहा चंद्रयान-3

## साउथ पोल के तापमान की दी जानकारी


चांद पर चंद्रयान-1 ● फोटोन न्यूज

**AGENCY NEW DELHI** चंद्रयान-3 को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। इसरो के द्वारा लगातार अपडेट दिया भी जा रहा है। अभी जो चंद्रयान को लेकर ताजा जानकारी दी गयी है उसमें चांद के साउथ पोल पर तापमान के बारे में बताया गया है। एक ग्राफ के माध्यम से चंद्रमा के नजदीक और सतह पर तापमान की स्थिति की जानकारी दी गयी है।

इसरो ने बताया कि यह तापमान अलग-अलग गहराई पर रिकॉर्ड किया गया है। इसरो के अनुसार जांच के प्रवेश के दौरान इसे दर्ज किया गया है। इसरो ने आगे जानकारी दी कि चंद्रमा के साउथ पोल के लिए यह इस तरह का पहला प्रोफाइल है। अभी विस्तार से निगरानी की जा रही है।

आपको बता दें कि विक्रम लैंडर पर लगा उँरळए साउथ पोल के आसपास चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी के तापमान को नापने का काम करता है। इसकी मदद से चंद्रमा की सतह के तापमान को समझाने में आसानी होती है। उँरळए पेलोड तापमान जांचने का एक यंत्र है जिसकी मदद से इसरो को बहुत सी जानकारी मिल रही है। यह 10 सेमी की गहराई तक पहुंचकर वहां का तापमान जांच करने में सक्षम है।

उल्लेखनीय है कि पेलोड में 10 अलग-अलग तापमान सेंसर लगे हैं। इसरो ने जो ग्राफ अपने ट्विटर वॉल पर शेयर किया है, वह अलग-अलग गहराइयों पर दर्ज किये गये चांद की सतह या निकट सतह के तापमान में अंतर को दर्शाता दिख रहा है। चांद के साउथ पोल पर की गयी यह पहली जांच है, जिसे करने वाला भारत पहला देश बन चुका है।

इससे पहले खबर आयी थी कि चंद्रयान-3 मिशन के तीन में से दो उद्देश्य पूरे हो चुके हैं, जबकि तीसरे उद्देश्य के तहत वैज्ञानिक प्रयोग जारी हैं। इसने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के सभी पेलोड सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। इसरो ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के तीन उद्देश्यों में से, चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग का प्रदर्शन पूरा हो गया है। चंद्रमा पर रोवर के घूमने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। तीसरे उद्देश्य के तहत वैज्ञानिक प्रयोग जारी हैं। सभी पेलोड सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं।

**BRIEF NEWS**

### बिहार में बेखौफ हुए अपराधी, खेत जा रहे किसान को सरेआम मार दी गोली

**BUXAR :** बिहार में बेखौफ हो चुके अपराधियों ने एक बार फिर बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डिहरी गांव में अपराधियों ने खेत में काम करने जा रहे एक शख्स को सरेआम गोली मार दी। जबतक आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तबतक अपराधी वहां से फरार हो चुके थे। आनन-फानन में ग्रामीणों ने घायल चंदन राय को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। गोलीबारी की इस घटना के बावजूद पुलिस का कहना है कि पीड़ित पक्ष की तरफ से किसी तरह का कोई आवेदन थाने में नहीं मिला है और पीड़ित द्वारा थाने में आवेदन दिए जाने के बाद आरोपियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। इधर, गोलीबारी की घटना के बाद इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है।

### बहन-बहनोई ने 6 लाख में दी थी भाजपा नेता राकेश कुशवाहा के मर्डर की सुपारी

**AGRA :** आगरा में भाजपा नेता को गोली मारने वाले तीन बदमाशों के साथ पुलिस की देर रात को मुठभेड़ हो गई। इसमें दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए और एक बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया। घायल दोनों बदमाशों को पुलिस ने एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर दिया। पूछताछ में बदमाश में पुलिस को बताया कि भाजपा नेता राकेश कुशवाहा के बहनोई और उसकी पत्नी ने इन्हें भाजपा नेता को मारने की सुपारी दी थी। पुलिस की पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि भाजपा नेता के बहन और बहनोई ने जमीन के विवाद के चलते भाजपा नेता की हत्या के लिए 6 लाख की सुपारी दी थी। और दो तमंचा और नई बाइक खरीद कर भी दी थी।

### मानव तस्करी की शिकार नौ नाबालिग बच्चियों को कराया गया मुक्त

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के सार्थक प्रयास से लगातार मानव तस्करी के शिकार बच्चों को मुक्त कराकर उनके घरों में पुनर्वास किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को मानव तस्करी की शिकार साहेबगंज जिले की नौ नाबालिग बच्चियों को दिल्ली से मुक्त कराया गया है। मानव तस्करी पर झारखंड सरकार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग काफी संवेदनशील है और त्वरित कार्यवाही पर विश्वास रखती है। यही कारण है कि दिल्ली में एकीकृत पुनर्वास संसाधन केंद्र चलाया जा रहा है।

# दिल्ली में होने वाली जी-20 बैठक के पहले बढ़ी पुलिस की टेंशन

## मेट्रो स्टेशनों पर नजर आए खालिस्तान से जुड़े नारे



**AGENCY NEW DELHI :** जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली सजकर तैयार हो चुका है। राजधानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। इस बीच एक ऐसी खबर सामने आ रही है जिसने पुलिस की टेंशन बढ़ा दी है। दरअसल, जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली मेट्रो के कम से कम पांच स्टेशनों पर खालिस्तान से जुड़े नारे लिखे नजर आये जिसके संबंध में अधिकारियों ने जानकारी दी है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अज्ञात लोगों ने कम से कम पांच दिल्ली मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर ह्यदिल्ली बनेगा खालिस्तानह्ण और ह्यखालिस्तान जिंदाबादह्ण जैसे नारे लिख दिये। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मामले को लेकर कहा कि यह कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला है। हम इसमें दिल्ली पुलिस का पूरा सहयोग करेंगे।

पीएम मोदी की अपील: जी-20 सम्मेलन की मेजबानी भारत कर रहा है। इसको लेकर राजधानी दिल्ली में तैयारी चल रही है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्लीवासियों से शनिवार को अपील की कि अगले महीने यहां जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के कारण कई देशों के नेताओं की मौजूदगी की वजह से हो सकने वाली असुविधा के बावजूद वे इस आयोजन को सफल बनाने में मदद करें।

### प्रेमी युगल की तलाश में सीवान पहुंची रांची पुलिस छापेमारी के दौरान छत से गिरकर युवक की मौत

**BIHAR :** सीवान में छापेमारी के दौरान एक प्रेमी की छत से गिरकर मौत हो गई। प्रेमी अपनी प्रेमिका को रांची से भगाकर सीवान लाया था। रांची पुलिस और मुफ्फसिल थाने की पुलिस लड़की को बरामद करने के लिए छापेमारी करने पहुंची। इस दौरान छत से गिरकर युवक की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि छापेमारी करने पहुंची पुलिस घर में मौजूद लोगों की बेरहमी से पिटाई कर रही थी, इसी दौरान युवक की छत से गिरकर मौत हो गई। वहीं घर में छुपी लड़की को पुलिस ने बरामद कर लिया और अपने साथ लेकर चली गई। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के तनिष्क बिहार कॉलोनी की है। युवक की पहचान झारखंड के बछड़ा गांव निवासी अरुण कुमार के रूप में हुई है। लड़की के पिता ने रांची के थाने में अपनी बेटी के लापता होने का आवेदन दिया था। इसी बीच, रांची पुलिस को जानकारी मिली की प्रेम प्रसंग में एक युवक उसे अपने बहनोई के घर सीवान लेकर गया हुआ हैं।

# नूंह में तनाव बढ़ा, 144 लागू यात्रा निकालने पर अड़ी विहिप

## आज भी बंद रहेगी इंटरनेट सेवा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**AGENCY PUNJAB :** सर्व जातीय हिंदू महापंचायत द्वारा सोमवार को शोभा यात्रा निकालने का आह्वान किए जाने के मद्देनजर हरियाणा के नूंह एवं अन्य इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्राधिकारियों द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने के बावजूद यात्रा का आह्वान किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कड़ी निगरानी रखने के लिए अर्धसैनिक बलों सहित सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है और अंतरराज्यीय तथा अंतरजिला सीमाओं पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

**पंचकूला में कहा कि ह्ययात्राह्ण की अनुमति नहीं :** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कुछ हफ्ते पहले हुई नूंह हिंसा का जिक्र करते हुए रविवार को पंचकूला में कहा कि ह्ययात्राह्ण की अनुमति नहीं दी गई है। उन्होंने कहा, यात्रा में भाग लेने के बजाय लोग जलाभिषेक के लिए अपने-अपने इलाकों के मंदिरों में जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। सावन के महीने का आखिरी सोमवार 28 अगस्त को है।

**जी20 शेरपा समूह की बैठक के मद्देनजर यात्रा की अनुमति देने से इनकार :** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) शत्रुजीत कपूर ने शनिवार को कहा था कि प्रशासन ने तीन से सात सितंबर के दौरान नूंह में होने वाली जी20 शेरपा समूह की बैठक के मद्देनजर और 31 जुलाई की हिंसा के बाद कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। सरकार ने सोमवार की प्रस्तावित यात्रा से पहले या उसके दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाहों के फैलने की आशंका को देखते हुए 26 अगस्त से 28 अगस्त तक मोबाइल इंटरनेट सेवा निलंबित रखने के फैसले की घोषणा की।

अप्रिय घटना को रोकने के लिए आवश्यक प्रबंधः अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) ममता सिंह ने रविवार को कहा कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।

## रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की बहस के दौरान सबकी जुबान पर छाया नाम, सभी प्रतिद्वंदियों को पीछे छोड़ा

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में तेजी से छा रहे वी रामास्वामी

**AGENCY :** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की बहस के दौरान एक नाम सबकी जुबान पर छाया हुआ है। वो हैं- भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अभियान रणनीति से परिचित लोगों का मानना है कि ट्रंप की गैरमौजूदगी में विवेक रामास्वामी सबसे अलग और सबसे बेहतर उम्मीदवार के रूप में सामने आए। उन्होंने पहली बहस के दौरान अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस जैसे राजनेता रामास्वामी के आगे फीके नजर आ रहे हैं। खुद डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर रामास्वामी की तारीफ


भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी। ● फोटोन न्यूज

कर चुके हैं। अब ट्रंप के समर्थक भी रामास्वामी के जयकारे लगा रहे हैं। उनकी नजर में रामास्वामी ट्रंप के सहयोगी यानी उपराष्ट्रपति के रूप में फिट साबित हो सकते हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प और उनके सहयोगी राष्ट्रपति चुनाव 2024 के लिए रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी विवेक रामास्वामी की प्रशंसा कर रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति की टीम के सदस्यों का मानना ????है कि ओहियो व्यवसायी की बाहरी बोली उनका सबसे बड़ा हथियार है। रामास्वामी बुधवार को पहली रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की बहस के केंद्रीय व्यक्ति के रूप में उभरे। बहस के दौरान मतदान करने वाले 504 लोगों में से 28 फीसदी लोगों ने रामास्वामी द्वारा उठाए गए मुद्दों को सबसे ज्यादा पसंद किया।

नाम न छापने की शर्त पर मामले से परिचित लोगों के अनुसार, ट्रम्प के सहयोगी रामास्वामी को फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस से समर्थन मिलने के रूप में देखते हैं। जिससे यह धारणा और मजबूत हो रही है कि डिसेंटिस का चुनावी अभियान लड़खड़ा रहा है। हालांकि इस पर डिसेंटिस की टीम इत्तेफाक नहीं रखती। उनका मानना है कि वे अपना काम बखूबी से कर रहे हैं।

**ट्रंप समर्थकों को कैसे जोड़ रहे रामास्वामी:** डोनाल्ड ट्रंप समर्थक रामास्वामी के लिए जयकारे क्यों लगा रहे हैं? दरअसल, खुद ट्रंप कई मौकों पर रामास्वामी की तारीफ कर चुके हैं। उधर, रामास्वामी भी कानूनी झमेलों में फंसे ट्रंप के बचाव में कई बयान दे चुके हैं। रामास्वामी ने ट्रम्प द्वारा समर्थित कई नीतिगत प्राथमिकताओं और राजनीतिक दर्शन का समर्थन किया है। इसमें संघीय नौकरशाही के बड़े हिस्से को खत्म करने या विदेशी गठबंधनों खासकर चीन को सबसे बड़ा दुश्मन शामिल है। मामले में लोगों के अनुसार, ट्रम्प ने स्वयं बहस के मंच पर रामास्वामी के प्रदर्शन से खुशी जाहिर की है। ट्रंप समर्थक रामास्वामी ट्रंप के अगले संभावित कार्यकाल में उपराष्ट्रपति के रूप में देख रहे हैं।

### कोटा में छठे तल्ले से कूदकर एक और छात्र ने दे दी जान

**RAJASTHAN :** राजस्थान के कोटा में लगातार कोचिंग छात्रों के आत्महत्या का सिलसिला जारी है। रविवार को एक और छात्र ने बिल्डिंग से कूद कर अपनी जान दे दी। मृतक छात्र की पहचान महाराष्ट्र निवासी आविष्कार के रूप में हुई है। वो कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। बताया जा रहा है कि आज (रविवार) छात्र का एक पेपर भी था। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। छात्र के छत से कूदने की पूरी घटना सीसीटवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस से मिली अभी तक की जानकारी में सामने आया है कि छात्र आविष्कार अपनी नानी के साथ रहता था। पुलिस ने बताया कि छात्र जिस बिल्डिंग में परीक्षा देने गया था

# स्टीमर से राघोपुर पहुंचे लालू यादव, किया दौरा


राघोपुरा पहुंचे लालू यादव। ● फोटोन न्यूज

**AGENCY PATNA :** राजद सुप्रीमो लालू यादव अपने गांव के बाद अब उस इलाके का भ्रमण कर रहे हैं, जहां से वो या उनके पारिवारिक सदस्य चुनाव लड़ते रहे हैं। पहले राबड़ी देवी और अब तेजस्वी यादव का विधानसभा क्षेत्र रहा राघोपुर के लोगों से मिलने रविवार को लालू प्रसाद यादव पहुंचे। इससे पहले राजद अध्यक्ष अपने बेटे और राज्य के पथनिर्माण मंत्री तेजस्वी यादव के काम का जायजा लेने पटना से सीधा कच्ची दरगाह पहुंचे। वहां बन रहे छह लेन के पुल का निरीक्षण करने के बाद लालू यादव स्टीमर पर सवार होकर गंगा नदी के उस पार राघोपुर पहुंचे। लालू यादव ने वहां लोगों की समस्याएं सुनी और विकास कार्यों का देखा।

BRIEF NEWS

### झारखंड की चार खिलाड़ियों को जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए आमंत्रण

**RANCHI :** बैंगलोर के साईं सेंटर में आगामी 31 अगस्त से 28 सितंबर तक जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए राष्ट्रीय कैंप आयोजित होगा। इस राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड की चार महिला खिलाड़ियों को भी आमत्रंण दिया गया है। इसमें दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे, रोपनी कुमारी और काजल बाड़ा का नाम शामिल है। सभी खिलाड़ी सिमडेगा जिले की रहने वाली हैं। दीपिका सोरेंग और काजल बाड़ा केरसई प्रखंड के करगागुडी गांव की है। जबकि महिमा टेटे सदर प्रखंड के बरकिछापर गांव और रोपनी कुमारी ठेठईटांगर प्रखंड के जामबहार की रहने वाली है। बता दें कि दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी इसी सप्ताह जर्मनी से लौटी हैं, जहां उन्होंने 4 नेशन अंडर 21 महिला हॉकी प्रतियोगिता में जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया था। हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, खेल निदेशक सुशांत गौरव (आईएएस), हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह सहित हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय कैंप के लिए चुने जाने पर सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### विद्यार्थी परिषद का आक्रोश मार्च, किया पुतला दहन

**RANCHI :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर ने शनिवार को आक्रोश मार्च निकाला। पुतला दहन भी किया। जादवपुर विश्वविद्यालय में छात्र प्नदीप कुंडू की रैंगिंग व मृत्यु मामले में पश्चिम बंगाल सरकार व जादवपुर विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय मंत्री अंकिता पवार ने कहा कि पश्चिम बंगाल के जादवपुर विश्वविद्यालय में रैगिंग की घटना अत्यंत जघन्य कृत्य है। रांची जिला संयोजक अमर सिंह ने कहा बंगाल में न्याय की मांग करना भी वर्तमान समय में एक अपराध हो गया है। मौके पर सह-कोष प्रमुख शुभम पुरोहित, सोशल मीडिया सह-संयोजक आनंद कुमार, प्रेम प्रतीक, अभिनव जीत, ऋतुराज शाहदेव, विद्यानन्द राय, सौरभ कुमार, सिद्धांत श्रीवास्तव, शारदा कुमारी, कुमकुम गुप्ता, पवन नाग, गौरव कुमार, कुणाल केशरी, सोनल झा, सौरव यादव, प्रियांशु कुमार, रितिक जायसवाल सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

### तेली समाज ने एक दिवसीय अधिवेशन में एकजुट रहने का लिया संकल्प

**RANCHI :** झारखंड प्रदेश तेली समाज के एक दिवसीय अधिवेशन रविवार को हरमू रोड स्थित स्वागतम वैक्वेंट हॉल में सपन्न हुआ। अधिवेशन में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर हुंकार भरी गयी। अधिवेशन में झारखंड के सभी तेली समाज को एकजुट रहने का आह्वान किया गया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये तेली समाज के प्रतिनिधियों ने समाज को एकत्रित करने का संकल्प लिया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि यूपी के सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि राज्य के तेली समाज यदि एकजुट हो जाये तो सांसद और विधायक बनाने की क्षमता रख सकते हैं। अपने समाज को बिखरने नहीं दे। इसका प्रयास सभी को मिलकर करना होगा। प्रदेश में अधिकार और आरक्षण का लाभ चाहिए तो संगठित ताकत को दिखाएं।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# AJSU नेता पर फायरिंग करने में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS RANCHI :** रंगदारी नहीं देने पर आजसू नेता पर फायरिंग करने में शामिल दो अपराधियों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है. एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई की. इस दौरान लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली निवासी मनु कुरैशी और सदर थाना क्षेत्र के गढ़ाटोली निवासी तीकिद मलिक को गिरफ्तार किया है. इनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किया है.



गिरफ्तार अपराधी व जानकारी देती पुलिस। • फोटोन न्यूज

**क्या है मामला :** आजसू नेता लाडले खान ने लोअर बाजार थाना में रंगदारी मांगने और रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने को लेकर मामला दर्ज कराया था. जांच के दौरान यह बात सामने में आयी कि स्कार्पियों के लेने-देन के क्रम में विवाद हुआ था. जिसके बाद पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया.

# विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष का निधन, रिम्स को किया गया देहदान

**PHOTON NEWS RANCHI :** विश्व हिंदू परिषद प्रांत उपाध्यक्ष देवी प्रसाद शुक्ला के निधन के बाद रविवार को उनके परिजनों ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान के एनाटॉमी विभाग को देहदान कर दिया है। देवी प्रसाद शुक्ला ने अपने जीवन काल में ही देहदान का संकल्प लिया था। उनकी इच्छा अनुसार ही उनका देह मेडिकल के छात्रों के लिए दान कर दिया गया।

एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों को शारीरिक संरचना की शिक्षा देने में इनके शरीर का उपयोग किया जाएगा। एनाटॉमी विभाग में छात्रों को शरीर का वाह्य, आंतरिक और सूक्ष्मदर्शी अध्ययन कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि रिम्स की वेबसाइट पर देहदान (बॉडी डोनेशन) फॉर्म उपलब्ध है। देहदान के इच्छुक लोग इस फॉर्म को दो सेट में भरकर रिम्स में जमा कर सकते हैं। संकल्प लेने वाले लोगों में किसी की मृत्यु के बाद सूचना मिलने पर रिम्स से एम्बुलेंस भेजा जाता है। परिजनों से इस काम के लिए एक भी रुपये नहीं लिए जाते हैं। रिम्स में अब तक 50 लोगों ने देहदान का संकल्प लिया है और सात देह रिम्स को प्राप्त हो चुके हैं।

# चारा घोटाला मामले में 124 आरोपितों पर 28 अगस्त को आयेगा फैसला

**PHOTON NEWS RANCHI :** चारा घोटाले से जुड़े कांड संख्या (आरसी 48ए/96) में डोरंडा कोषागार से 36 करोड़ 59 लाख रुपये की अवैध निकासी मामले में 28 अगस्त को 124 आरोपितों पर फैसला आएगा।सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत इस मामले में अपना सुनाएगी। अदालत ने 24 जुलाई को सभी पक्षों की सुनवाई पूरी करने के बाद फैसले की तिथि निर्धारित की थी। साथ ही फैसले की तिथि पर इन सभी आरोपितों को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। इस मामले में सीबीआई की ओर से 594 गवाहों को प्रस्तुत किया गया है। डोरंडा कोषागार से यह अवैध निकासी वर्ष 1990-91 एवं 1994-95 के दरमियान फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर की गई थी।

इन आरोपितों में से 38 लोक सेवक रहे हैं, जिनमें से आठ कोषागार पदाधिकारी है। 86 आपूर्तिकर्ता मामले में आरोपित है। आरोपितों में 16 महिलाएं भी हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आरोपितों में सबसे उम्रदराज 90 वर्षीय तत्कालीन जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. गौरी शंकर प्रसाद भी शामिल है। हालांकि आरोपितों में 12 से अधिक ऐसे भी हैं जिनकी उम्र 80 वर्ष या इससे ज्यादा है।

# आदिवासी जन परिषद ने अवैध निर्माण तोड़ा

**PHOTON NEWS RANCHI :** आदिवासी जन परिषद के कार्यकर्ताओं ने गैर आदिवासी द्वारा कमरा बनाकर रास्ते पर कब्जा किये जाने के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान परिषद के कार्यकर्ताओं ने दो कमरों के घर को ध्वस्त कर दिया। इसे लेकर पीड़िता नीलू करमाली ने कहा कि हमें रास्ता चाहिए, लेकिन गैर आदिवासियों ने इस रास्तो को घर बनाकर रोक दिया गया था। सभी तरफ बाउंड्री बनाया गया था। इसलिए हमने आदिवासी जनपरिषद के सहयोग से दो कमरों की घर तोड दिया। रास्ता रोके जाने के संबंध में नीलू ने बताया कि कई बार रांची नगर निगम और एसडीओ ऑफिस में शिकायत की थी, लेकिन किसी ने फरियाद नहीं सुनी।



अवैध निर्माण तोड़ते आदिवासी जन परिषद के कार्यकर्ता • फोटोन न्यूज

वहीं आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि हमलोग घर नहीं तोड रहे हैं। हमलोग घर जाने वाले रास्ता को तोड़ रहे हैं। गलत तरीके से आदिवासियों की जमीन खरीदकर रह रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा फर्जी कागजात बनाकर आदिवासियों की हड़पी गई जमीन को वापस दिलाने का काम किया जाएगा। इसके लिए राज्य और देश के आदिवासियों को एकजुट किया जाएगा। इस दौरान कब्जा कर रहने वाले लोगों ने कहा कि हमने जमीन खरीदी है, जब घर बना रहे थे तब कोई सामने नहीं आया।

# रांची में छह व सात सितंबर को मनाया जायेगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

**PHOTON NEWS RANCHI :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति अलबर्ट एक्का चौक मेन रोड कार्यक्रम स्थल पर छह और सात सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। रविवार सुबह समिति के संरक्षक संजय सेठ और अध्यक्ष मुकेश काबरा सहित समिति के सदस्यों के नेतृत्व में जन्माष्टमी महोत्सव पर होने वाली दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता के लिए एक मटकी को सजाकर उसमें माखन भरकर हांड़ी को आयोजन स्थल पर लगाया गया। रंग बिरंगे फूलों की लड़ी से सजी यह हांडी सात सितंबर तक लोगों के अवलोकन के लिए लगाई गई है। मौके पर संरक्षक संजय सेठ की अध्यक्षता में श्री राम मंदिर परिसर में समिति के सदस्यों के साथ बैठक भी हुई।



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर उत्साहित रांची के लोग। • फोटोन न्यूज

बैठक के दौरान संरक्षक संजय सेठ और अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि समिति की ओर से ग्यारहवीं बार महोत्सव का आयोजन हो रहा है। छह सितंबर को शाम चार बजे श्रीकृष्ण के बाल गोपाल प्रतियोगिता व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है, जिसमें श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ बाल गोपाल बच्चे ,बच्चियां इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। श्री कृष्ण बाल रूप झांकी का उद्घाटन धार्मिक व सामाजिक संस्था के अध्यक्ष व सचिव सहित विशिष्ट अतिथि करेंगे। वहीं सात सितंबर को शाम पांच बजे दही हांडी- फोड़ो प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नृत्य नाट्य के मंचन का आयोजन रखा गया है। दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष और महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे।

दही हाडी प्रतियोगिता में महिला गोविंदा के लिए दही हांडी की ऊंचाई 20 फीट एवं पुरुष गोविंदा के लिए 25 फीट की ऊंचाई रखी गई है। पुरुष गोविंदा को 71 हजार प्रथम, 31 हजार द्वितीय, 21हजार तृतीय पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। वहीं महिला गोविंदा को 51 हजार प्रथम, 21 हजार द्वितीय पुरस्कार के रूप में दिया जाएगा। एक से ज्यादा टीमों के गोविंदा द्वारा हांडी फोडे जाने पर कम समय में हांडी फोड़ने वाले गोविंदा टीम को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे।

# 15 दिन से महिला लापता मानव तस्करी का आरोप

## पति ने अयूब अंसारी व सोनी खातून के खिलाफ की शिकायत

**CRIME REPORTER RANCHI :** घर से काम करने के लिए निकली एक महिला के लापता होने की शिकायत परिजनों ने थाने में करते हुए उसकी खोजबीन की गुहार लगाई है। महिला कायनात प्रवीण उर्फ मुस्कान मांडर थाना क्षेत्र के मालती गांव निवासी अमजद गद्दी की पत्नी है। महिला के लापता होने की शिकायत उसके पति अमजद गद्दी ने दंपति अयूब अंसारी और सोनी खातून के खिलाफ मांडर थाना में लिखित रूप से की है। अमजद ने दंपति पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। अमजद ने उसकी पत्नी के साथ कुछ अनहोनी होने की आशंका जताई है। साथ ही कहा है अयूब अंसारी के घर के आसपास पूछने पर पता चला की अयूब अंसारी मानव तस्करी का काम करता है।



कायनात प्रवीण उर्फ मुस्कान की फाइल फोटो।

**जितना भी दौलत लूटा दो खोजने के लिए तुम्हारी पत्नी अब नहीं मिलेगी :** कहा है कि 15 दिन पहले अयूब अंसारी एवं उसकी पत्नी सोनी खातून मेरे घर आकर बोली कि तुम्हारी पत्नी कायनात प्रवीन उर्फ मुस्कान को काम दिला देंगे। यह कहकर मेरी पत्नी को ले गए। 2 दिन उसे अपने घर डहू टोला थाना चान्हो में अपने साथ रखे। उसके बाद कायनात को काम दिलाने कहां ले गए कुछ भी पता नहीं चल रहा है। अयूब अंसारी से फोन कर पूछने से धमकी दी जा रही है। अयूब द्वारा कहा जा रहा है कि जितना भी दौलत लूटा दो खोजने के लिए तुम्हारी पत्नी अब नहीं मिलेगी। इसे लेकर अमजद गद्दी ने मांडर पुलिस से अयूब अंसारी और सोनी खातून से पूछताछ कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# छत्तीसगढ़ के ट्रक चालक की हत्या कर फंदे से लटकाया था शव, आरोपी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS RANCHI :** छत्तीसगढ़ के ट्रक चालक की हत्या कर उसके शव को फंदे से लटकाया गया था। इस मामले का रांची पुलिस ने खुलासा कर लिया है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर नामकुम थाना की पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान हत्याकांड में शामिल लातेहार जिले के चंदवा के रहने वाले शौकत खान को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



गिरफ्तार अपराधी व जानकारी देती पुलिस। • फोटोन न्यूज

**जानें क्या है मामला :** बीते सात अगस्त को नामकुम थाना क्षेत्र के प्लांडु में एक अज्ञात व्यक्ति का शव फंदे से लटका हुआ बरामद हुआ था। पुलिस की जांच में पता चला कि मृतक व्यक्ति की पहचान छत्तीसगढ़ के भिलाई के रहने वाले रणविजय सिंह के रूप में हुई, और वह ट्रक का चालक था।

अनुसंधान के क्रम में यह भी पता चला की रणविजय सिंह अपने ट्रक पर एलमुनियम का फ्रेम लोड कर सिल्लीगुडी डिलीवरी करने जा रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने चालक को कब्जे में लेकर अलमुनियम के फ्रेम को लूट लिया और चालक की हत्या कर दी। साक्ष्य छुपाने के उदेश्य से प्लांडू बगान में पेड़ से शव को लटका दिया था।

### सावन की अंतिम सोमवारी पर रांची विश्वविद्यालय में आज रहेगा अवकाश

**RANCHI :** रांची विश्वविद्यालय में सावन मास के अंतिम सोमवारी को अवकाश रहेगा। इस संबंध में रविवार को रांची विश्वविद्यालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार रांची विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत महाविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालय में अवकाश की घोषणा की गई है।

रक्षाबंधन को लेकर सजा राखियों का बाजार, एक से बढ़कर एक डिजाईन की मिल रही राखियां

# कार्टून कैरेक्टर, ईवी लाइट और फ्रूट राखी की काफी डिमांड

**PHOTON NEWS RANCHI :** हर भाई और बहन को पूरे साल रक्षाबंधन के त्योहार का इंतजार रहता है। यह विशेष दिन भाई बहन के प्यार का प्रतीक होता है। राखी का दिन अपने साथ ढेर सारी खुशियां लेकर आता है। इस खास दिन बहनें चाहे कितना भी दूर रह रही हों, लेकिन वह अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने जरूर आती हैं। इस बार रक्षाबंधन 31 अगस्त को है। इसके साथ ही बाजार भी रंगबिरंगी राखियों से सज गया है। बाजार में रेशमी धागे से लेकर रंगबिरंगी मोतियों और सितारे की बारीक कारीगरी से सजी राखियां बिकनी शुरू हो गयी हैं। बहनें भाइयों के लिए राखी खरीद कर भेजने की तैयारी में जुटी नजर आ रही हैं।

अपर बाजार की रंगरेज गली से लेकर चौक-चौराहों की दुकानें राखी से सजी नजर आ रही हैं। वहीं, राजधानी में कई महिला समूह हैं, जो कस्टमाइज्ड राखी बनाकर घरों से बिजनेस कर रही हैं। उनकी राखियों की झारखंड के अलावा कई राज्यों में डिमांड है। इन कस्टमाइज्ड राखी में बड़ों से लेकर बच्चों तक के च्वाइस का विशेष ध्यान रखा गया है। बच्चों के लिए राखियों में कार्टून कैरेक्टर, इवी लाइट और फ्रूट राखी आदि की काफी डिमांड है।



बाजार में हर वेराइटी की राखी दुकानों में राखी की बिक्री शुरू हो गयी है। अपर बाजार के मनीष नारसरिया ने बताया कि राखी की कई वेराइटी बाजार में मंगायी गयी है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां आकर्षण का केंद्र हैं। इनमें स्पाइडर मैन, टॉम एंड जेरी, बेन टेन, छोटा भीम, एवेंजर, हनुमान, बाल गणेश और डोरेमॉनवाली डिजाइनर राखियां 10 से 50 रुपये में उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए खास आकर्षण लाइटिंग राखी है, जिसकी कीमत 25 रुपये प्रति पीस है। बड़ों के लिए फैंसी राखी, रोड़ी चावल राखी, स्टोन और धागा राखी है। बाजार में एक रुपया से लेकर 150 रुपये तक की राखियां हैं।

**राखी का हो रहा है ऑनलाइन बिजनेस:** कोकर निवासी अनुभा कुमारी घर पर राखी बनाकर ऑनलाइन राखी का बिजनेस करती हैं। वह कहती हैं कि उन्होंने पिछले दो महीने से राखी बनाना शुरू किया है। अब तक 100 से अधिक ऑर्डर झारखंड के अन्य जिलों के अलावा हैदराबाद, बंगाल व बेंगलुरु सहित अन्य राज्यों के लिए भेज चुकी हैं। लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर रिद्धि क्रिएशन को काफी पसंद किया जा रहा है। फ्लावर, जूट के कपड़े, फोम फ्लावर, स्टोन, गोटा, बूटी, मोती आदि मैटेरियल से राखियां बनायी हैं। वहीं रोली, चंदन, अक्षत सहित एक राखी थाली पैक भी बनाकर डिलीवरी कर रहीं हैं। इन राखियों की कीमत 20-250 रुपये तक है। वहीं राखी थाली पैक की कीमत 600 रुपये तक है।

**फेंगशुई राखी डिमांड में:** बाजार में फेंगशुई राखी भी डिमांड में है। इस बार बहनें अपने भाई के लिए फेंगशुई राखियां खरीद रही हैं। इनमें कैट्सआइ और इवेल आइ राखी की बिक्री हो रही है। इसके अलावा इको फ्रेंडली राखियों की भी धूम है। इसके अलावा मोतियों, रूबी और रंग-बिरंगे पत्थरों को रेशमी धागे में पिरोकर बनायी गयी राखियों की भी खूब बिक्री हो रही है।

**बच्चों को फ्रूट्स, टेडी और मेटल राखी है पसंद :** उर्मिला मोटानी कई सालों से राखी की बिजनेस कर रही है। कहती हैं कि दुकानदार के अलावा ऑनलाइन ऑर्डर के माध्यम से बिक्री हो रही है। इस बार मेटल राखी सबसे ज्यादा डिमांड में है। मेटल राखी में भगवान की तस्वीर, लड्डू गोपाल, मटकी, बांसुरी आदि बनी राखियां सबसे ज्यादा डिमांड में हैं। ये राखियां 20-50 रुपये तक में हैं। वहीं बच्चों के लिए फ्रूट्स, टेडी राखी भी है। कई पुराने कस्टमर बने हुए हैं, जो आकर ले जाते हैं। राखी की कई रेंज है, जो लोगों को पसंद आ रही है।

**राखी में चंदन की लकड़ी का हो रहा है इस्तेमाल:** स्पेशल राखी में चंदन की लकड़ी का इस्तेमाल कर बने गणेश जी, त्रिशूल, शिवलिंग, ऊं व इंग्लिश लेटर वाली राखियां भी मांग में है। ज्वेलरी दुकानों में चांदी और रूबी जैसे महंगे पत्थर से बनी फूलों के आकार की राखी भी लोगों को पसंद आ रही है। इसके अलावा इको फ्रेंडली राखी भी नजर आ रही है। इन राखियों की खासियत है कि ये पूरी तरह से फूलों के बीजों से सजायी गयी हैं। राखी त्योहार के बाद इन्हें गमले में लगाया जा सकता है, जिससे निकलने वाले पौधे भाई को हर पल अपनी बहन की याद दिलाते रहेंगे।

**कॉम्बो राखी पैक:** भाई-भाभी के लिए राखी का कॉम्बो पैक है। इस कॉम्बो पैक में दो राखियों के साथ-साथ थाली, रोड़ी व अक्षत के साथ दीये का पैकेज है। आकर्षक रूप से सजायी गयी थाली की कीमत 250 रुपये से 600 तक है।

BRIEF NEWS

### वर्षा जल संचयन पर छात्र-छात्राओं ने दिखायी अपनी प्रतिभा

**KHUNTI:** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग केंद्र में वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग )को लेकर रविवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य वर्षा जल संचयन के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने वर्षा जल संचयन पर आधारित मॉडल बना बनाकर प्रदर्शित किया और इसके महत्व से छात्र-छात्राओं को रूबरू कराया। तमन्ना ग्रुप, कंचन ग्रुप, गोल्डन ग्रुप और राजवीर और आर्यन ग्रुप को बेहतरीन मॉडल प्रदर्शित करने के लिए पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि धरती पर बारिश की हर बूंद लोगों के लिये भगवान का आशीर्वाद के समान है। बारिश के पानी के महत्व को हर व्यक्ति को समझना होगा। छतों पर और सड़कों के किनारे बह रहे वर्षा जल को बिना बर्बाद किये इकट्ठा करने की कोशिश करनी चाहिये।

### अवैध लॉटरी के धंधे का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

**DHANBAD:** पुलिस ने धनसार थाना क्षेत्र के अनुग्रह नगर में अवैध लॉटरी कारोबार करने वाले धंधेबाजों पर कार्रवाई करते हुए शनिवार देर रात 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाजों में चंदन कुमार, शिव कुमार, प्रदीप कुमार, रोहित कुमार, आकाश कुमार, वसीर, भरत भुइयां, सरयू भुईंया, प्रकाश भुईंया एवं इकबाल उर्फ सोनू शामिल हैं। धनसार थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने बताया कि अवैध लॉटरी गिरोह पर कार्रवाई की गई है। साथ ही इस कार्रवाई में पुलिस को तीन, दो पहिया वाहन तीन बाइक भी जब्त की है। इसके साथ ही 10 मोबाइल और नगद 14460 रुपए के विभिन्न नाम से 900 नकली लॉटरी का टिकट बरामद किया गया है। वहीं, पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### गिरिडीह में अवैध कारोबार, धंधेबाज गिरफ्तार

**GIRIDIH:** नगर थाना पुलिस ने लॉटरी टिकट का अवैध कारोबार करने वालों के ठिकानों पर छापेमारी कर मास्टरमाइंड डब्बू अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि शुक्रवार रात को ही गिरफ्तार धंधेबाज की निशानदेही पर उसके झगरी ऑफिस से भारी मात्रा में अवैध लॉटरी टिकट, कंप्यूटर, टिकट बेचने और खरीदने वाले लोगों के नाम लिखी कागजात, इंनवर्टर सेट, कॉपी, पेन सहित कई अन्य सामान बरामद किये गए हैं।

### मुखिया ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**GIRIDIH:** खरसान की मुखिया रजिया खातून ने 27 अगस्त को ग्रामीणों के शिकायत पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरसान उर्दू का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मध्याह्न भोजन मेनू के अनुसार नहीं पाया गया। इसपर सुधार करने का निर्देश दिया गया। वहीं सभी शिक्षकों को समय पर विद्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। बाद में मुखिया ने शिक्षकों के साथ बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिया। विद्यालय नियमित खोलने और शत प्रतिशत बच्चों के उपस्थिति पर जोर दिया गया। मौके पर पूर्व मुखिया मो मकसूद आलम, भागीरथ कुमार आदि उपस्थित थे।

### एक और दो सितंबर को होगी योगासना प्रतियोगिता

**GIRIDIH :** शहर के स्टेशन रोड स्थित श्री गुरुनानक विद्यालय में योगासना स्पोर्ट संघ की बैठक जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें 1 व 2 सितंबर को गिरिडीह जिला स्तरीय योगासना स्पोर्ट प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। इस दौरान महासचिव अनिता कुमारी ओझा ने कहा कि गिरिडीह योगासना स्पोर्ट संघ पूर्व में यहां दो प्रतियोगिता करा चुका है। इस बार की प्रतियोगिता में लगभग 200 प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी भाग ले सकेगे। जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि ये प्रतियोगिता 5 आयु वर्ग में कराया जायेगा, जिसमें 5 साल से लेकर 55 साल तक के प्रतिभागी भाग ले सकेगे। इसके लिए 15 दिवसीय निःशुल्क योगासना प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था।

# लोहरदगा में प्रेमी ने प्रेमिका के पुत्र की हत्या कर शव कुएं में फेंका

## पुलिस ने प्रेमी शाहरुख को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

**PHOTON NEWS LOHARDAGA:** बगड़ू थाना क्षेत्र के हिसरी गांव में प्रेमी मीर शाहरुख ने अपनी प्रेमिका के आठ साल के बेटे आशीष की हत्या कर शव कुएं में फेंक दिया। बताया जाता है कि शनिवार की शाम बालक हिसरी उर्दू विद्यालय मैदान में फुटबॉल मैच देखने गया था। इस दौरान शाहरुख द्वारा आइसक्रीम खिलाने के बहाने बच्चे को अपने साथ ले गया। फिर हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया। देर शाम में बच्चे के घर नहीं आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। नहीं मिलने पर परिजनों ने थाने में बच्चे की लापता की जानकारी दी गई। परिजनों ने शाहरुख पर बच्चे को लापता करने का संदेह जताया। इसके आधार पर बगड़ू थाने की पुलिस ने शाहरुख को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की, जिसपर युवक ने बच्चे की हत्या कर शव को हिसरी से पूर्व सड़क किनारे एक कुएं में फेंकने का बात स्वीकारी। युवक की निशानदेही पर बच्चे का शव कुएं से बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। दूसरी ओर, ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे की मां के साथ शाहरूख का पिछले दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसको लेकर गांव में पहले भी कई बार विवाद हो चुका था। वहीं मीर शाहरुख के विरुद्ध कांड संख्या 23/23 धारा 364 के तहत अपहरण के मामले दर्ज किये गए हैं। मृतक आशीष कुमार महली के पिता किशोर महली का पैतृक आवास कुडू थाना क्षेत्र के ओपा हैं.मृतक के पिता किशोर महली विक्षिप्त होने के कारण बीते कई वर्षों से लापता है, जिस कारण उसकी पत्नी एवं बच्चा अपने नाना नानी बंदी महली व अधिम महली के घर हिसरी में रहते थे।


रोते-बिल्कते परिजन ● फोटोन न्यूज

## उपचुनाव में हार के भय से की गई एकतरफा कार्रवाई : आदित्य साहू

**PHOTON NEWS GIRIDIH:** डुमरी विस सीट पर उप चुनाव में एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी के चुनाव प्रभारी भाजपा के राज्य सभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू के इसरी बाजार के होटल में शनिवार की देर रात पुलिस की उड़नदस्ता टीम की छापेमारी से भाजपा खेमे में आक्रोश है। हालांकि छापेमारी में टीम को कुछ हासिल नहीं हुआ लेकिन देर रात भाजपा ने एकतरफा कार्रवाई बताते हुए की इसकी निंदा की है। इस बाबत चुनाव प्रभारी साहू ने रविवार को कहा कि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की हार के भय से एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। झामुमो, कांग्रेस के नेताओं एवं मंत्रियों की गाड़ी की भी जांच होनी चाहिए लेकिन हम घबराने वाले नहीं है। भाजपा सांसद ने कहा कि डुमरी की जनता जेएमएम-काग्रेस के चुनावी वायदों से खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। राज्य में कानून व्यवस्था, बिजली की हालत चरमराई हुई है। 1932 का खतियान का क्या हुआ? क्षेत्र की जनता जानना चाह रही है। भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर उड़न दस्ता टीम के अधिकारी डुमरी के इसरी बाजार के होटल तृषा में पैसे का भंडार जब्त करने के लिए रेड मारा लेकिन मिला कुछ नहीं जबकि भाजपा के राज्य सभा सांसद ने रेड करने आए अधिकारियों से पूछा भी कि वो किनके निर्देश पर आए है। क्या उनके पास चुनाव आयोग का कोई पत्र है लेकिन रेड करने आए अधिकारियों ने लेटर की बात पर हाथ खड़ा कर दिये। राज्य सभा सांसद ने कार्रवाई के दौरान टीम के अधिकारियों को पूरा सहयोग किया।

## जिला भ्रमण में खूंटी पहुंची भारतीय प्रशासनिक सेवा के 14 प्रशिक्षु अधिकारियों की टीम

**PHOTON NEWS KHUNTI:** उपायुक्त लोकेश मिश्र के निर्देश पर उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला भ्रमण कार्यक्रम के तहत खूंटी पहुंचे 14 प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी शामिल थे। जिला भ्रमण में खूंटी पहुंची आइएएस की टीम में चार महिला अधिकारी शामिल हैं। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिले में संचालित विभिन्न विभागों की कार्य प्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी दो ग्रुप में विभक्त होकर जिले के सुदूरवर्ती अड़की प्रखंड के बिरबांकी और खूंटी प्रखंड के जुटजोरा में एक सप्ताह तक रहेंगे। इस दौरान आइएएस अधिकारियों की टीम जिले के ग्रामीण इलाकों का भ्रमण कर ग्रामीणों की जीवन शैली और क्रियान्वित योजनाओं के संदर्भ में शोध-अनुसंधान करेगी। रविवार को आइएएस अधिकारियों के दल ने खूंटी प्रखंड के सिलादोन पंचायत मुख्यालय स्थित वन धन विकास केन्द्र का अवलोकन किया। बैठक में एसडीओ अनिकेत सचान, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, परियोजना निर्देशक संजय कुमार भगत सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।


वन धन विकास केंद्र का अवलोकन करती टीम ● फोटोन न्यूज

## गोड्डा ज्वेलरी शॉप लूटकांड में शामिल दो गिरफ्तार

**PHOTON NEWS GODDA:** जिले के महागामा अनुमंडल मुख्यालय स्थित बाजार के केसरी मोहल्ला में विजय कलाल ज्वेलर्स से शनिवार को दिनदहाड़े लूटपाट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे अपराधियों को पुलिस ने देर रात धर दबोचा। घटना में भाग रहे एक अपराधी की नहर में डूबने से मौत भी हो गई। जबकि एक फरार हो गया। जानकारी के अनुसार लूट की घटना के बाद फायरिंग करते हुए अपराधी भाग रहे थे। सूचना पर महागामा, मेहरमा बोआरीजोर व ललमटिया थाना पुलिस ने त्वरित रूप से नाकाबंदी कर पूरे क्षेत्र को सील कर दिया था। पुलिस ने मेहरमा के तुलारामभुस्का पंचायत में ग्रामीणों की मदद से दो अपराधियों को जिंदा तथा तीसरे को नहर में मृत अवस्था में पुलिस के हवाले किया। बताया जाता है कि दो बाइक पर सवार चार अपराधी मेहरमा के घोरीचक- बोआरीजोर मुख्य मार्ग होकर भागने के क्रम में भुस्का हाट से उत्तर भीमचक गांव तक जाने वाली सड़क में आ गए। यह सड़क भीमचक भलुआ गांव तक आने के बाद बंद हो जाती है। इससे अपराधी फंस गए। पीछा कर रही पुलिस के भय से वह वापस भी लौटने की स्थिति में नहीं थे। इससे अपराधियों ने बाइक को वहीं खड़ी चारों अलग-अलग दिशा में भागने लगे। अपराधियों को भागते देखा ग्रामीणों को आशंका होने पर उन्हें खदेडने लगे। इसमें से एक अपराधी पास स्थित बटेश्वर गंगा पंप नहर में कूद गया, जिसे बाद में ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर नहर में कूद कर उसे बाहर निकला तब तक महागामा थाना प्रभारी अरुण कुमार भी नहर में कूद चुके थे। अपराधी को मृत अवस्था में नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने उसके पास से हथियार बरामद किया है। दूसरे अपराधी को भलुआ गांव के नजदीक बहियार में ग्रामीणों ने खदेडकर पकड़ा। तीसरे अपराधी को तुलारामभुस्का पंचायत के बेनीदास भुस्का गांव के बहियार में ग्रामीणों ने पकड़ा। हालांकि घटना में संलिप्त चौथा अपराधी भागने में सफल रहा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिव शंकर तिवारी ने रविवार को बताया कि लूटे गये सोने-चांदी के पूरे आभूषणों को बरामद कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में मुकेश कुमार और उदय गोंड शामिल हैं।


बरामद बाइक व सामान के साथ पुलिस टीम ● फोटोन न्यूज

## राज्यसभा सांसद के कमरे की पुलिस ने तलाशी

- तीन थानो कि पुलिस ने लिथी तलासी
- भाजपा ने हेमंत सरकार पर बोला हमला

**PHOTON NEWS GIRIDIH:** डुमरी उपचुनाव के मद्देनजर डुमरी, मधुबन और निमियाघाट थानों की पुलिस ने 26 अगस्त की रात स्थानीय होटल में ठहरे भाजपा नेता राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के कमरे की तलाशी ली थी। इस मामले को लेकर भाजपा ने सरकार पर हमला बोला है। मालूम हो कि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू जिले के इसरी बाजार के स्टेशन रोड स्थित तृषा होटल में जिस कमरे में ठहरे थे, उसकी तीन थानों की पुलिस ने तलाशी ली थी। मौके पर भाजपा के राज्यसभा सांसद श्री साहू ने छापामारी करने आए अधिकारियों से पूछा था कि वे किनके निर्देश पर आए हैं और क्या उनके पास चुनाव आयोग का कोई पत्र है तो अधिकारियों ने जांच संबंधी पत्र होने से इनकार कर दिया था। इस छापेमारी में कुछ हासिल नहीं होने पर सारे इस मामले को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने 27 अगस्त को राज्य सरकार पर करारा हमला बोला है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह कार्रवाई राज्य सरकार की बौखलाहट को दशार्ता है, राज्य सरकार के इशारे पर उड़न दस्ता टीम के अधिकारी डुमरी के होटल तृषा में पैसे का भंडार जब्त करने के लिए छापा मारा लेकिन वहां कुछ नहीं मिला। भाजपा के गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि डुमरी उप चुनाव में राज्य सरकार को हारने का भय सता रहा है। यही कारण है कि सरकार जिला प्रशासन का सहयोग लेकर अब एनडीए को भयभीत करना चाहती है। लेकिन डुमरी की जनता समझ चुकी है कि झामुमो और उसके गठबंधन की हार तय है। उन्होंने कहा कि ऐसी किसी कार्रवाई से भाजपा नेता डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने जिला प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि प्रशासन किसी सरकार के दबाव पर काम नहीं करे।


आदित्य साहू के कमरे की तलाशी लेती पुलिस ● फोटोन न्यूज

## 18 वर्ष से पहले बच्चियों की शादी कानून अपराध : डालसा सचिव

**PHOTON NEWS KHUNTI:** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में रविवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कर्रा में बाल विवाह और डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2005 तथा संवैधानिक अधिकार के विषय पर विधिक जागरूकता, क्विज प्रतियोगिता और कानूनी वार्ता का आयोजन किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। 18 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों का शरीर शादी के लायक नहीं रहता है। कम उम्र में विवाह करने से अधिकतर बच्चियों की मौत गर्भावस्था के दौरान हो जाती है। प्रसव के दौरान जच्चा एवं बच्चा दोनों की जान खतरे में रहती है। प्रसव के दौरान सिर्फ बच्ची ही नहीं, बल्कि नवजात शिशु की भी मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में बच्चों का विवाह करने से उनकी शिक्षा अधूरी रह जाती है, जिससे उनका सामाजिक और वैवाहिक जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। डालसा सचिव ने कहा कि यदि किसी घर के या सगे संबंधी अथवा समाज के लोग जबरन 18 वर्ष उम्र से पहले शादी के लिए दबाव बनाते हैं, यह कार्य गैर कानूनी है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहा कि पीड़ित बच्ची अपने बचाव में कानून का सहारा ले सकती है और वह उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, डालसा के अध्यक्ष या सचिव के पास जाकर सहायता प्राप्त कर सकती है। प्रत्येक पंचायत में स्थित विधिक सहायता केंद्र में जाकर पीएलवी को सादा कागज पर आवेदन देकर कानूनी सहायता और संरक्षण प्राप्त किया जा सकता है। व्यवहार न्यायालय खूंटी के अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी ने छात्राओं को संविधान के बारे में जानकारी दी। डालसा के पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम ने डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के बारे में छात्राओं को जागरूक किया।



### बिहार क्लब के सभागार में डॉक्टर अजीत कुमार सहाय की अध्यक्षता में श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति का चुनाव संपन्न

# कोकर में दो दुर्गा पूजा समितियों का हुआ एकीकरण तीन सालो बाद एक साथ होगा पूजा का आयोजन

**PHOTON NEWS RANCHI:** रविवार को रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का चुनाव बिहार क्लब के सभागार में संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता महानगर समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अजीत कुमार सहाय ने की । वर्ष 2023- 24 के लिए आजीवन मुख्य संयोजक डॉ. अजीत कुमार सहाय को पुनः अध्यक्ष पद पर साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष के लिए प्रदीप रॉय बाबू, महामंत्री हेतु रवींद्र वर्मा एवं वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा तथा कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से संजय सिन्हा गोपू को निर्वाचित किया गया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू एवं महामंत्री रविंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि आज की वार्षिक बैठक सह आम सभा की अध्यक्षता महानगर समिति के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार सहाय ने किया संचालन महामंत्री रविंद्र वर्मा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप रॉय बाबू ने किया।

सर्वप्रथम अध्यक्ष डॉ अजीत कुमार सहाय ने चंचल चटर्जी को कर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष को बधाई देते हुए उन्हें कोकर के दुर्गा पूजा जो विगत 3 वर्षों से दो अलग-अलग स्थान पर हो रहा था इस वर्ष से एक कर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया जिसका तालियों से सदन में स्वागत करते हुए उन्हें चुनरी एवं माला पहनाकर सम्मानित किया।

इसके बाद विशेष अतिथि के रूप में महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव का स्वागत किया गया तत्पश्चात जैनेंद्र प्रसाद, रामा ठाकुर,राजू वर्मा (चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति), राजेश कुमार लाल (संग्राम क्लब), सेतांक सेन बबलू (दुर्गा बाड़ी),संजय सहाय,लाल बाबू सिंह (आदर्श दुर्गा पूजा समिति), कृष्ण मोहन सिंह (धुर्वा ), राजू राम, सन्तोष महतो(कोकर दुर्गा पूजा समिति),जगदीश वर्मा, तपेश्वर केसरी (अध्यक्ष ग्रामीण दुर्गा पूजा समिति), दिलीप गोप, रमेश सिंह (स्टाफ क्वार्टर दुर्गा पूजा समिति), प्रो. अरुण सिंह (बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति), उपेंद्र सिंह (कुसई कॉलोनी), विनोद सिंह (नामकुम दुर्गा पूजा समिति),रवि कुमार पिंकू,साजन कुमार पंकज (महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति बूटी मोड़ ),, रमेश सिंह (कोकर दुर्गा पूजा समिति), संजय मिनोचा,भास्कर वर्मा एवं सागर कुमार को चुनरी एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इसके उपरांत विभिन्न पूजा समिति के सदस्यों ने अपने विचार रखें इसके बाद महानगर समिति के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार सहाय के द्वारा कमेटी को भंग किया गया। तत्पश्चात महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव पर्यवेक्षक एवं सह पर्यवेक्षक सागर कुमार के द्वारा वर्ष 2023- 24 हेतु नई कमिटी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया। मुख्य संयोजक सह अध्यक्ष-- डॉ. अजीत कुमार सहाय उप संयोजक--चंचल चटर्जी सह संयोजक--जैनेन्द्र प्रसाद,रामा ठाकुर, राजेश कुमार लाल, राजीव रंजन प्रसाद, संजय सहाय, लाल बाबू सिंह, कृष्ण मोहन सिंह, प्रो.अरूण सिंह, अर्जुन उरांव, दिलीप गोप। कार्यकारी अध्यक्ष--प्रदीप रॉय बाबू, राज किशोर वरीय उपाध्यक्ष--राजन वर्मा उपाध्यक्ष--राणा रणधीर,अमर नाथ साहु, जितेंद्र वर्मा महामंत्री-- रविंद्र वर्मा कोषाध्यक्ष-- संजय सिन्हा गोपू कार्यालय सचिव--मनोज तिवारी। रांची ग्रामीण दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केसरी को बनाया गया। आगामी दिनांक 4.9. 2023 दिन सोमवार को पुनः कमिटी का विस्तारीकरण कर सूचना दी जाएगी। इस बैठक में रमेश सिंह, सेतांक सेन, सुरज देव शर्मा, सुनील शर्मा, त्रिलोकी सिंह, अमित वर्मा, नवेंदु उपाध्याय, गांगुली, विश्वनाथ गांगुली, श्रीमती बिंदु सिंह, अमित घोष, कमलेश यादव, विनोद सिंह, शैलेश्वर दयाल सिंह, नन्द किशोर चंदेल,उज्जवल तिवारी, राकेश सिंह बादल, अमित सोनी, ,अशोक यादव सहित लगभग 85 पूजा समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



सभागार में उपस्थित पूजा समितियों के लोग ● फोटोन न्यूज

BRIEF NEWS

## मंत्री शारदा नायक के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने की तालाब की सफाई



**ROURKELA:** श्रम मंत्री एवं राउरकेला विधायक शारदा प्रसाद नायक के निर्देश पर बीजू युवा जनता दल के अध्यक्ष सुशांत राउत के नेतृत्व में बीजू युवा जनता दल एवं छात्र जनता दल के कार्यकताओं ने गोपबंधु पल्ली तालाब की सफाई की। यह बहुत पुराना तलाब है। इस तालाब में छठ महापर्व हर्ष उल्लास से साथ मनाया जाता है। तालाब की सफाई आरंभ होने से इलाके के लोगों में खुशी है। छठ से पहले ही तालाब की सफाइ को लेकर इलाके के लोगों ने बीजू जनता दल के कार्यकताओं का आभार जताया। श्रम मंत्री की इस पहल की सराहना की।इससे पहले भी श्रम मंत्री शारदा नायक ने कार्यकर्ता के साथ खुद तालाब में उतरकर साफ किया था।

## संगठन के कार्यकताओं ने थाना प्रभारी से की मुलाकात

**ROURKELA:** अपराध जांच संगठन के सभी सदस्यों ने रविवार को रघुनाथपाली थाना प्रभारी , उदितनगर थाना प्रभारी और महिला थाना प्रभारी से मुलाकात की। और राउरकेला के विभिन्न समस्या से अवगत कराया। संगठन से जुड़े मोहम्मद साकिर हुसैन,अनिल शर्मा,मुख्तार आलम,अमित सिंह ,जीशान शम्स,रेहान रिजवे,कबिता मिश्रा,तुलसी नाग,इस्मत नाज उपस्थित थे।

## शहर की सुंदर तस्वीर खींचकर प्राप्त कर सकते पुरस्कार, निगम की पहल

**ROURKELA:** राउरकेला नगर निगम की ओर से माई सिटी, माई प्राइड फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके तहत प्रथम पुरस्कार के रूप में 5000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 3000 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 2000 की राशि दी जाएगी। स्वयतसाशन दिवस से पहले राउरकेला नगर निगम द्वारा 'माई सिटी माई प्राइड' फोटोग्राफी प्रतियोगिता शुरू की गई है। प्रतिभागी ईमेल के जरिए आवश्यक जानकारी के साथ अपने द्वारा खींची गई फोटो भेज कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। मोबाइल और डीएसएलआर दोनों से ली गई तस्वीरें स्वीकार्य की जाएंगी। शीर्ष 3 फोटो को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

## कोल्हन विश्वविद्यालय ने पीजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षा तिथि घोषित की

**JAMSHEDPUR:** कोल्हान विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर चौथे व फाईनल सेमेस्टर के परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके विवि की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। यह परीक्षा 18 सितंबर से शुरू होगी। जो 3 अक्टूबर तक चलेगी। परीक्षा पहली पाली में सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। इसमें करीब 6 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। विवि की ओर से रिपोर्टिंग टाइमिंग सुबह 9.30 बजे निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय ने इस परीक्षा के लिए कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाया है। इसकी सूची जारी कर दी गयी है। जिन कालेजों को केंद्र बनाया गया है वहां के प्रिंसिपल केंद्र के केंद्राधीक्षक होंगे। वहीं इस परीक्षा के एडमिट कार्ड 5 सितंबर के बाद जारी किया जाएगा।

## जिले में डेंगू के 27 पॉजिटिव मरीज मिले

**JAMSHEDPUR:** पूर्वी सिंहभूम जिले में रविवार को डेंगू के 27 नए मरीज मिले हैं। इसमें चाकुलिया में 7, टेल्को में 6, गोलमुरी में 3, साकची में एक, मानगो में 8, बागबेड़ा और बारीडीह में एक-एक मरीज सामिल हैं। इन मरीजों का इलाज एमजीएम, सदर अस्पताल, टीएमएच, टाटा मोटर्स अस्पताल, टिनप्लेट अस्पताल में चल रहा है। रविवार को कुल 87 संदिग्ध मरीजों को सैंपल जांच में भेजा गया है। जिले में अब कुल डेंगू मरीजों की संख्या 294 हो गई है।

# जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की एनसीसी टीम थल सैनिक कैंप दिल्ली के लिए चयनित

### राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए बनाता है वातावरण : डीसी

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** वीमेंस यूनिवर्सिटी की एनसीसी कैडेट्स का दिल्ली में होने वाले थल सैनिक कैंप के लिए चयन हुआ है। विवि की कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता ने बताया कि ₹राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल एवं प्रेरित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। केयरटेकर ऑफिसर प्रीति के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार हमारे विश्वविद्यालय की दो एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर दीप्ति कुमारी और कैडेट सुनीता कुंतीया का चयन दिल्ली में होने वाले थल सैनिक कैंप में किया गया है। थल सैनिक कैंप का उद्देश्य सेना प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताओं से अवगत कराना, प्रतिस्पर्धी भावना पैदा करना और केडैटों के बीच अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना है। थल सैनिक कैंप आर्मी विंग की कैडेटस के लिए राष्ट्रीय स्तर का कैंप है। इसके लिए चयन होना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।




डीसी के साथ एनसीसी से जुड़ी छात्राएं ● फोटोन न्यूज

**विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से चयन किया गया:**

एनसीसी कैडेटस का चयन हेल्थ एंड हाइजीन, टेंट फीचिंग, बाधा दौड़, जजिंग डिस्टेंस फील्ड सिग्नल, राइफल शूटिंग, मैप रीडिंग आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से किया गया। बिहार एवं झारखंड राज्य के 570 एनसीसी कैडेट्स ने रांची के खेलगांव में 1 से 19 अगस्त प्री थल सैनिक कैंप में भाग लिया था, जिसमें महिला विश्वविद्यालय की दो एनसीसी कैडेट्स का सिलेक्शन हुआ है। आगामी 7 सितंबर से लॉन्चिंग कैंप रांची के नामकुम में लगेगा और 19 से 30 सितंबर तक दिल्ली में ऑल इंडिया थल सैनिक कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# ओडिशा के मुख्य न्यायाधीश ने राउरकेला अदालत का किया दौरा



अदालत का निरीक्षण करने जाते मुख्य न्यायाधीश ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA:** ओडिशा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुबाशीष तालपत्र ने राउरकेला में अदालत परिसर का दौरा किया। इस दौरे के दौरान न्यायमूर्ति तालपत्र ने सिविल और सेशन कोर्ट का दौरा किया। इसके अलावा उन्होंने कटक में आयोजित ओडिशा किशोर न्याय बोर्ड सीसीएल के कार्यक्रम को यहां से वर्चुअल मोड में संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने यहां निमार्णाधीन मॉडल कोर्ट स्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ हाई कोर्ट के जज चितरंजन दास भी मौजूद थे। राउरकेला बार एसोसिएशन के निमंत्रण पर न्यायाधीश कार्यालय गये। उन्होंने यूनियन कार्यालय में यूनियन कार्यकताओं से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश महापात्र, राउरकेला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष एम. मालेश्वर, साधारण संपादक अवनी प्रधान और अन्य वकील उपस्थित थे।

# बणई उप जेल में विचाराधीन कैदी की मौत, जांच शुरू




**PHOTON NEWS ROURKELA:** सुंदरगढ़ जिले के बणई विशेष उप कारागार में रविवार को एक विचाराधीन कैदी की मौत हो गयी। 2020 में हत्या के एक मामले में जेल में विचाराधीन कैदी 28 वर्षीय सुकराम मुंडा बलांग थाना अंतर्गत लांगलकटा इलाके का रहने वाला है है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह सुकराम मुंडा ने बाल काटने के बाद खाना खाया। इसके बाद अचानक वह वहीं गिर पड़े।उन्हें तुरंत बणई उप-जिला अस्पताल ले जाया गया। लेकिन वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेल नियमावाली के मुताबिक पोस्टमॉर्टम के बाद घटना की जांच की जाएगी। बणई पुलिस ने कैदी की मौत की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

# टाटा स्टील यूआईएसएल ने बच्चों के लिए आयोजित की पेंटिंग प्रतियोगिता, 740 बच्चे हुए शामिल, विजेता हुए पुरस्कृत

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** अपने 20वीं वर्षगांठ समारोह के तहत टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टाटा स्टील यूआईएसएल) ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्कूली बच्चों के लिए रविवार को पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की। इस कार्यक्रम में युवा कलात्मक प्रतिभाओं ने कैनवास पर अपनी रचनात्मकता और कल्पना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की विविध प्रतिभाओं को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया था। इसमें कुल 740 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूनम चौधरी और निवेदिता सिन्हा उपस्थित थीं। टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा और टाटा स्टील यूआईएसएल में सीनियर जीएम टाउन ओएंडएम और आरई कैप्टन धनंजय मिश्रा की विशिष्ट उपस्थिति ने इस आयोजन के महत्व को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम के दौरान सबसे अधिक संख्या में प्रतिभागियों के उत्कृष्ट योगदान के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल, बिस्टुपुर को ₹छात्रों की अधिकतम भागीदारी में स्कूल चैंपियन₹ पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।




अतिथियों के साथ पुरस्कृत बच्चे ● फोटोन न्यूज

**अलग अलग श्रेणी के बच्चों के लिए आयोजित प्रतियोगिता की थीम:**

- श्रेणी ए (कक्षा 3 से 5) थीमः मेरा बगीचा
- श्रेणी बी (कक्षा 6 से 8) थीमः मेरे सपनों का शहर जमशेदपुर
- श्रेणी सी (कक्षा 9 से 12) थीमः मेरा भविष्य जमशेदपुर
- श्रेणी डी (विशेष रूप से सक्षम) थीमः खुशी के रंग

**प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे:**

**श्रेणी एः**
प्रथम पुरस्कारः आराध्या सृष्टि, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल
दूसरा पुरस्कारः देपास्मिता, बाल्डविन फार्म क्षेत्र
तृतीय पुरस्कारः अक्षत वर्मा, कार्मेल जूनियर स्कूल

**श्रेणी बी**
प्रथम पुरस्कारः खुशबू महतो, जुस्को स्कूल कदमा
द्वितीय पुरस्कारः अनिका शाह, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट
तीसरा पुरस्कारः निशा शॉ, बाल्डविन फार्म एरिया

**श्रेणी सी**
प्रथम पुरस्कारः हर्षवर्द्धन महतो, डीएवी बिस्टुपुर
द्वितीय पुरस्कारः पी सृष्टि, जमशेदपुर पब्लिक स्कूल
तृतीय पुरस्कारः रूपाली कुमारी, बाल्डविन फार्म एरिया

विशेष रूप से सक्षम श्रेणीः
प्रथम पुरस्कारः साची देब, जुस्को स्कूल कदमा
द्वितीय पुरस्कारः शौर्य मुखर्जी, जुस्को स्कूल
तृतीय पुरस्कारः रुद्रांश चक्रवर्ती, तारापोर स्कूल।

# चंद्रयान के बाद अब अजीत अमन ने लांच किया सूर्ययान का पोस्टर

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** चंद्रयान-3 के सफल परीक्षण के बाद देशवासियों में खुशी की लहर है। वैज्ञानिकों का हौसला भी सातवें आसमान पर हैं तो वहीं कलाकारों का सीना भी 56 इंच का हो गया है। एक के बाद एक वीडियो एलबम का निर्माण किया जा रहा है। झारखंड-बिहार के चर्चित गायक अजीत अमन ने चंद्रयान-3 के बाद अब रविवार को ह्यसूर्ययानह्ल का पोस्टर जारी किया। साकची स्थित जुबिली पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शहर के कई बड़े कलाकार मौजूद थे। इस मौके पर अजीत अमन ने बताया कि इसरो चंद्रयान-3 के बाद अब मिशन आदित्य एल 1 को सफल बनाने में जुट गया है। संभवतः इसकी लांचिंग दो सितंबर को होने वाली है। इसी को ध्यान में रखते हुए ह्यसूर्ययानह्ल वीडिया गीत का निर्माण किया जा रहा है। यह गीत वैज्ञानिकों पर आधारित होगी। साथ ही यह भी दिखाया जाएगा कि हमारा देश किस तरह से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 पर निकली मेरी गीत को देशभर में काफी सहारा गया। उम्मीद है कि ह्यसूर्ययानह्ल को भी लोग काफी पसंद करेंगे। इस एलबम के निर्देशक शहर के जाने-माने फिल्म मेकर उदय साहू और मनोज पांडे है। वहीं गीतकार अनिल वर्मा और स्टोरी अमित तिवारी की है। वहीं इस वीडियो में रणधीर सिंह, लिजा वर्मा, हरिदर्शन सिंह, शिंटू यादव, प्रीति आदि कलाकार अभिनय करते नजर आएंगे। इस एलबम के निमार्ता अवनीश श्रीवास्तव (नेहिष), निशांत कुमार ( Sangitas) और शिक्षक आलोक राज सिंह है।



पोस्टर लाच करते अजीत अमन ● फोटोन न्यूज

# ट्रक के धक्के से दो किन्नरों की मौत, साथियों ने जताई हत्या की आशंका, जांच शुरू

**PHOTON NEWS ROURKELA:** लहुणीपाड़ा थाना अंतर्गत राजामुंडा बाइपास रोड के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 143 पर ट्रक की टक्कर से हुई दो किन्नरों की मौत संदेह के घेरे में आ गयी है। पुलिस ने जब घटना की जांच शुरू की तो सहकर्मियों ने संदेह जताया कि दोनों किन्नरों की ट्रक से कुचलकर हत्या की गई है।शनिवार रात एक किन्नर का ट्रक चालक से किसी वजह से विवाद हो गया था। ट्रक चालक ने उस किन्नर को जान से मारने की धमकी दी। रविवार सुबह जब एक स्कूटी पर चार किन्नर सवार होकर जा रहे थे, तो हाइवा ट्रक ने स्कूटी का पीछा किया। ट्रक ड्राइवर के नापाक इरादों को भांपकर दो किन्नरों ने स्कूटी से कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक की चपेट में आने से दो अन्य किन्नरों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी उछलकर केबिन में फंस गई। किन्नर संघ ने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है।



### जमशेदपुर प्रतिभागियों में दीखा भारी उत्साह, तीन श्रेणियों में बांटा गया था कार्यक्रम

# मारवाड़ी युवा मंच की तीन शाखाओं ने किया साइक्लोथॉन 3.0 का आयोजन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर रविवार को एकता और खेल कौशल के अभूतपूर्व प्रदर्शन में मारवाड़ी युवा मंच की तीन शाखा क्रमशः स्टील सिटी सुरभि शाखा, टाटानगर अचीवर्स शाखा और जमशेदपुर शाखा द्वारा पहली बार संयुक्त रूप से आयोजित साइक्लोथॉन 3 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को तीन श्रेणियों में क्रमशः 14 वर्ष और उससे कम के बच्चे, पुरुष और महिलाओं में विभाजित किया गया था। बिष्टुपुर सर दोराबजी टाटा पार्क (मोदी पार्क) के पास से साइक्लोथॉन 3 का शुभारंभ हुआ। जो बाग-ए-जमशेद गोलचक्कर, रेड क्रॉस सोसाइटी, जुबली पार्क गेट और डीसी ऑफिस गोल चक्कर से होते हुए कॉन्वेंट स्कूल के सामने समाप्त हुआ। इसमें शामिल 120 से अधिक प्रतिभागियों ने 99 रुपये के शुल्क पर पंजीकरण कराया। उनमें से 100 लोगों को विशिष्ट इवेंट टी-शर्ट प्रदान किया गया। जबकि सभी 120 प्रतिभागियों को रिस्टबैंड, पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट और स्नैक्स बॉक्स दिया गया।



साइक्लोथॉन 3.0 में भाग लिए युवक ● फोटोन न्यूज

**विजेताओं को मिला सम्मानः-** बच्चों की टीम में राजदीप प्रथम, भाव्या अग्रवाल दूसरे और अभिवत्सल देबुका तीसरे स्थान पर विजेता रहा। महिलाओं में दीप्ति पटेल प्रथम, प्रीति भाऊका द्वितीय और रिंकी कुमारी तीसरे स्थान पर रही। पुरुषों में रंजन प्रधान प्रथम, संदीप दास दूसरे और पुनीत गौरव तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजयी प्रतिभागियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के गणमान्य क्रमशः मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष मुकेश मित्तल, मोहित साह, मनीषा संघी, संजना अग्रवाल, परमिंदर शर्मा, उषा चौधरी आदि की उपस्थिति से इसकी शोभा बढ़ाई।

**इनका रहा योगदानः-** इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से निशा सिंघल, रवि कुमार गुप्ता, दिनकृत अग्रवाल, कविता अग्रवाल, अंशुल रिंगसिया, अश्विनी अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, आदित्य जाजोदिया, मनोज शर्मा, प्रीति बुधिया, विजय सोनी, गौरव अग्रवाल सहित राजकमल इलेक्ट्रॉनिक्स साकची और मोहित फोटोग्राफी जुगसलाई का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मालूम हो कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित साइक्लोथॉन 3.0 में देश भर की 800 से अधिक शाखाओं से 1,50,000 से अधिक प्रतिभागियों की उत्साही भागीदारी देखी गई।

# समस्या बना दहेज निषेध अधिनियम

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल में स्वप्नदास बनाम पश्चिम बंगाल राज्य मामले में कठोर टिप्पणी करते हुए कहा, "महिलाओं ने भारतीय दंड संहिता यानी आइपीसी की धारा 498 ए का दुरुपयोग करके एक तरह से कानूनी आतंकवाद फैला दिया है।" कलकत्ता उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि यह धारा महिलाओं की भलाई के लिए बनाई गई थी, लेकिन अब झूठे मामले दर्ज कराकर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। बीते कुछ वर्षों के दौरान देश की विभिन्न अदालतों ने दहेज के झूठे मामलों पर कठोर टिप्पणियां की हैं, परंतु इसके साथ ही पुलिस की कार्यप्रणाली को भी कठघरे में खड़ा किया है और उस मानसिकता के प्रति चिंता जाहिर की है, जो पुरुषों को बिना सत्यता परीक्षण के अपराधी मान लेती है। कुछ वर्ष पहले अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा था कि ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस ने दंड प्रकिया संहिता यानी सीआरपीसी में निहित पाठ का सबक सही तरह से नहीं सीखा है। इसमें किंचित भी संदेह नहीं कि दहेज संबंधी मामलों में समय-समय पर न्यायालयों द्वारा पुलिस को दिए गए दिशा-निदेशों की अवहेलना के चलते उन महिलाओं के हौसले बढ़ गए हैं, जिन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए बने कानून का हथियार के रूप में प्रयोग किया है। कई बार तो पति-पत्नी में अनबन के चलते इस कानून का इस्तेमाल ससुराल वालों को प्रताड़ित करने के लिए किया जाता है। आंकड़े बताते हैं कि बीते वर्षों में 498 ए में गिरफ्तार किए गए लोगों में से अनुमानतः 90 प्रतिशत प्री ट्रायल स्तर पर ही बेकसूर पाए गए। जिन मामलों में मुकदमे चले, उनमें भी करीब 80 प्रतिशत निर्दोष करार दिए गए। उन्हें बिना किसी जांच के गिरफ्तार किया गया था। साफ है कि एक समाधान ने समस्या का रूप ले लिया है। यदि इस कानून के दुरुपयोग पर शीघ्र ही गंभीरता से मंथन नहीं किया गया तो हजारों निर्दोष इसी प्रकार जेल जाते रहेंगे। वर्ष 1961 में जब दहेज प्रतिषेध अधिनियम पारित हुआ था, तब उसमें दर्ज किया गया था कि यदि कोई व्यक्ति दहेज देगा या लेगा अथवा दहेज देने या लेने को प्रेरित करेगा तो वह दंड का पात्र होगा और उसके कारावास की अवधि पांच वर्ष से कम की नहीं होगी। यदि दहेज देना और लेना समान रूप से दंडनीय अपराध है तो यक्ष प्रश्न यह है कि क्यों सिर्फ अदालतों में दहेज लेने के मामले पहुंचते हैं? क्यों दहेज देना पुलिस एवं न्यायपालिका की कार्यप्रणाली में विलुप्त प्रतीत होता है? दहेज प्रतिषेध कानून पारित होने के पश्चात कुछ ही मामले ऐसे सामने आए, जहां न्यायालय ने दहेज देने वालों के विरुद्ध केस दर्ज करने के आदेश दिए। क्या यह विचारणीय तथ्य नहीं है कि क्यों दहेज निरोधक कानून का एकपक्षीय पहलू यानी दहेज लेना ही चर्चा का विषय बनता है? दहेज देने को लेकर बने कानून पर यूं आंखें मूंद लेना कई प्रश्नों को जन्म देता है। यह निर्विवादित तथ्य है कि दहेज की बुराई के चलते देश में तमाम लड़कियां प्रताड़ित होती हैं या अपनी जान से हाथ धो बैठती हैं, परंतु क्या कारण है कि अभिभावकों के भीतर यह चेतना जागृत नहीं हो पा रही कि दहेज मांगने वाले परिवार में उनकी बेटी असुरक्षित हो सकती है? एक प्रश्न यह भी है कि विवाह के पश्चात दहेज की मांग के विरुद्ध न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली लड़की विवाह से पूर्व ही ऐसे परिवार से रिश्ता जोड़ने से इन्कार क्यों नहीं कर देती, जो दहेज का लोभी है? नीरा सिंह बनाम दिल्ली सरकार (2007) मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा था कि दहेज की मांग के बावजूद यदि वयस्क और शिक्षित महिला दहेज लेने वाले व्यक्ति से शादी करती है तो वह और उसका परिवार दहेज निषेध अधिनियम के तहत अपराध में भागीदार बन जाता है। यह एक कटु सत्य है कि "स्त्री-धन" के रूप में दिया गया उपहार दो परिवारों के मध्य कड़वाहट होते ही दहेज का रूप धारण कर लेता है। दहेज तथा स्त्री धन के मध्य विभेद की रेखा का निर्धारण कानून में उल्लिखित नियमों के आधार पर न होकर संबंध-माधुर्य मापदंड के आधार पर निर्धारित होता है। विष्णु बनाम केरल राज्य तथा अन्य के मामले में नवंबर 2021 के अपने एक निर्णय में केरल उच्च न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि विवाह के समय दुल्हन को बिना किसी मांग के दिए गए उपहार और जो इस अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार बनाई गई सूची में दर्ज किए गए हैं, वे धारा 3(1) के दायरे में नहीं आएंगे, जो दहेज देने या लेने पर रोक लगाती है। विधि आयोग ने अपनी 159वीं रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए के प्रविधानों का दुरुपयोग हो रहा है। दिल्ली की एक ट्रायल अदालत यह कह चुकी है, "हर कोई महिलाओं के अधिकारों को लेकर लड़ रहा है, लेकिन उन पुरुषों के लिए कानून कहां हैं, जो महिलाओं द्वारा झूठे केस में फंसा दिए जाते हैं? शायद इस बारे में कदम उठाने का वक्त आ चुका है।" दिल्ली की ट्रायल अदालत की उक्त टिप्पणी यह बताने के लिए पर्याप्त है कि सामाजिक व्यवस्था असंतुलित हो रही है और यदि इस पर ठोस निर्णय नहीं लिए गए तो भविष्य में न्याय व्यवस्था से एक बड़े वर्ग का विश्वास उठ जाएगा। यह स्थिति समाज को बिखेर देगी। समय आ गया है कि दहेज निरोधक कानून में ऐसे संशोधन-परिवर्तन किए जाएं कि उनका मनमाना इस्तेमाल और दुरुपयोग रुके। इस कानून को लिंग निरपेक्ष बनाने पर विचार किया जाना चाहिए।

# विश्व का प्रथम पर्व श्रावणी उपाकर्म वैदिक काल की शाश्वत परंपरा

ANALYSIS



प्रो. विवेकानंद तिवारी

हमारे वैदिक धर्म में स्वाध्याय की प्रधानता और महिमा हमेशा से रही है। ब्रह्मचर्य की समाप्ति पर तथा समावर्तन के समय स्नातक को आचार्य एक उपदेश देता है- 'स्वाध्यायान्मा प्रमदः' और 'स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम्' अर्थात अपने जीवन में कभी भी स्वाध्याय और प्रवचन (सुनने और सुनाने) से प्रमाद (आलस्य) नहीं करना। ये वाक्य केवल ब्रह्मचारी के लिए ही नहीं, अपितु सब मनुष्यों पर लागू हैं। इस पर्व का नाम श्रावणी होने के कारण यह शब्द, श्रुति व श्रवण शब्दों से जुड़ा हुआ है। श्रुति से श्रवण, श्रवण शब्द श्रावणी बनकर आज का श्रावणी पर्व अस्तित्व में आए हैं। श्रुति वेद को कहते हैं जिसका एक कारण आरम्भ में ब्रह्मचारियों को वेदों का ज्ञान श्रवण से व सुना कर कराया गया और कराया जाता रहा है। इसका सीधा संबंध वेदाध्ययन से है। चंद्र दोष से मुक्ति के लिए श्रावण पूर्णिमा को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। श्रावणी उपकर्म में पाप, उपपताका और महापताका से बचने का व्रत लिया जाता है। इसमें चोरी न करना, दूसरों की निन्दा न करना, खानपान का ध्यान रखना, हिंसा न करना, इन्द्रियों को वश में करना और सदाचारी होने के नियम सम्मिलित हैं।

उपाकर्म का अर्थ है प्रारंभ करना। धर्मगंथों में लिखा गया है-जब वनस्पतियां उत्पन्न होती हैं, श्रावण मास के श्रवण व चंद्र के मिलन (पूर्णिमा) या हस्त नक्षत्र में श्रावण पंचमी को उपाकर्म होता है। इस अध्ययन सत्र का समापन, उत्सर्जन या उत्सर्ग कहलाता था। यह सत्र माघ शुक्ल प्रतिपदा या पौष पूर्णिमा तक चलता था। श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के शुभ दिन रक्षाबंधन के साथ ही श्रावणी उपाकर्म का पवित्र संयोग बनता है। हमारे वैदिक धर्म में स्वाध्याय की प्रधानता और महिमा हमेशा से रही है। ब्रह्मचर्य की समाप्ति पर तथा समावर्तन के समय स्नातक को आचार्य एक उपदेश देता है- 'स्वाध्यायान्मा प्रमदः' और 'स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां न प्रमदितव्यम्' अर्थात अपने जीवन में कभी भी स्वाध्याय और प्रवचन (सुनने और सुनाने) से प्रमाद (आलस्य) नहीं करना। ये वाक्य केवल ब्रह्मचारी के लिए ही नहीं, अपितु सब मनुष्यों पर लागू हैं। इस पर्व का नाम श्रावणी होने के कारण यह शब्द, श्रुति व श्रवण शब्दों से जुड़ा हुआ है। श्रुति से श्रवण, श्रवण शब्द श्रावणी बनकर आज का श्रावणी पर्व अस्तित्व में आए हैं। श्रुति वेद को कहते हैं जिसका एक कारण आरम्भ में ब्रह्मचारियों को वेदों का ज्ञान श्रवण से व सुना कर कराया गया और कराया जाता रहा है। इसका सीधा संबंध वेदाध्ययन से है। चंद्र दोष से मुक्ति के लिए श्रावण पूर्णिमा को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। श्रावणी उपकर्म में पाप, उपपताका और महापताका से बचने का व्रत लिया जाता है। इसमें चोरी न करना, दूसरों की निन्दा न करना, खानपान का ध्यान रखना, हिंसा न करना, इन्द्रियों को वश में करना और सदाचारी होने के नियम सम्मिलित हैं। विशेषकर यह पुण्य दिन ब्राह्मण समुदाय के लिए बहुत महत्व रखता है। भारतीय संस्कृति में द्विजत्व और ब्राह्मणत्व का संबंध किसी जाति या वर्ग विशेष में जन्म लेने से नहीं है, बल्कि वह साधना की उच्च कक्षा से जुड़े सम्बोधन हैं। इसीलिए संस्कारों से द्विजत्व की प्राप्ति की बात कही जाती रही है। श्रावण पूर्णिमा में यदि ग्रहण या संक्रांति हो तो श्रावणी उपाकर्म श्रावण शुक्ल पंचमी को करना चाहिए। *'भद्रायां ग्रहणं वापि पोर्णिमास्या यदा भवेत। उपाकृतिस्तु पंचम्याम कार्या वाजसेनयिभः'* संक्रांति व पूर्णिमा युति या ग्रहण पूर्णिमा युति में वाजसेनी आदि सभी शाखा के ब्राह्मणों को उपाकर्म (श्रावणी) पंचमी को कर लेनी चाहिए। शास्त्र सम्मत श्रावण उपाकर्म भद्रा दोष, ग्रहण युक्त पूर्णिमा, संक्राति युक्त पूर्णिमा में नहीं किया जाता तब उससे पूर्व श्रावण शुक्ल पंचमी नागपंचमी में श्रावणी स्नान उपाकर्म करने के शास्त्रोक्त निर्देश हैं। हेमाद्रिकल्प, स्कंद पुराण, स्मृति महार्णव, निर्णय सिंधु, धर्म सिंधु आदि योतिष व धर्म के निर्णय ग्रंथों में इसके प्रमाण हैं। *'श्रावण शुक्लयाः पूर्णिमायां ग्रहणं संक्रांति वा भवेतदा। यजुर्वेदिभिः श्रावण शुक्ल पंचम्यामुपाकर्म कर्तव्यं॥'* अर्थात श्रावण पूर्णिमा में यदि ग्रहण या संक्रांति हो तो श्रावणी उपाकर्म श्रावण शुक्ल पंचमी को करना चाहिए। एक अन्य श्लोक के उल्लेख के अनुसार भद्रा में दो कार्य नहीं करना चाहिए एक श्रावणी अर्थात उपाकर्म, रक्षाबंधन, श्रवण पूजन आदि और दूसरा फाल्गुनि होलिका दहन। भद्रा में श्रावणी करने से क्षतिः भद्रा में श्रावणी करने से राजा की मृत्यु होती है तथा फाल्गुनी करने से नगर ग्राम में आग लगती है तथा उपद्रव होते हैं। श्रावणी अर्थात उपाकर्म रक्षाबंधन, श्रवण पूजन भद्रा के उपरांत ही की जा सकती है। लेकिन ग्रहण युक्त पूर्णिमा भी श्रावणी उपाकर्म में निषिद्ध है। ब्राह्मणों का यह अतिमहत्वपूर्ण कर्म हैं। विधि :- श्रावणी उपाकर्म के तीन पक्ष है झ प्रायश्चित्त संकल्प, संस्कार और स्वाध्याय। सर्वप्रथम होता है झ प्रायश्चित्त रूप में हेमाद्रि स्नान संकल्प। गुरु के सान्निध्य में ब्रह्मचारी गोदुग्ध, दही, घृत, गोबर और गोमूत्र तथा पवित्र कुशा से स्नानकर वर्षभर में जाने-अनजाने में हुए पापकर्मों का प्रायश्चित्त कर जीवन को सकारात्मकता से भरते हैं। स्नान के बाद ऋषिपूजन, सूर्योपस्थान एवं यज्ञोपवीत पूजन तथा नवीन यज्ञोपवीत धारण करते हैं। यज्ञोपवीत या जनेऊ आत्म संयम का संस्कार है। आज के दिन जिनका यज्ञोपवित संस्कार हो चुका होता है, वह पुराना यज्ञोपवित उतारकर नया धारण करते हैं और पुराने यज्ञोपवित का पूजन भी करते हैं। इस संस्कार से व्यक्ति का दूसरा जन्म हुआ माना जाता है। इसका अर्थ यह है कि जो व्यक्ति आत्म संयमी है, वही संस्कार से दूसरा जन्म पाता है और द्विज कहलाता है। उपाकर्म का तीसरा पक्ष स्वाध्याय का है। इसकी शुरूआत सावित्री, ब्रह्मा, श्रद्धा, मेधा, प्रज्ञा, स्मृति, सदसस्पति, अनुमति, छंद और ऋषि को घृत की आहुति से होती है। जौ के आटे में दही मिलाकर ऋग्वेद के मंत्रों से आहुतियां दी जाती हैं। इस यज्ञ के बाद वेद-वेदांग का अध्ययन आरंभ होता है। इस सत्र का अवकाश समापन से होता है। इस प्रकार वैदिक परंपरा में वैदिक शिक्षा साढ़े पांच या साढ़े छह मास तक चलती है। वर्तमान में श्रावणी पूर्णिमा के दिन ही उपाकर्म और उत्सर्ग दोनों विधान कर दिए जाते हैं। प्रतीक रूप में किया जाने वाला यह विधान हमें स्वाध्याय और सुसंस्कारों के विकास के लिए प्रेरित करता है। यह जीवन शोधन की एक अति महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक-आध्यात्मिक प्रक्रिया है। उसे पूरी गम्भीरता के साथ किया जाना चाहिए। श्रावणी पर्व वैदिक काल से शरीर, मन और इन्द्रियों की पवित्रता का पुण्य पर्व माना जाता है। इस पर्व पर की जाने वाली सभी क्रियाओं का यह मूल भाव है कि बीते समय में मनुष्य से हुए ज्ञात-अज्ञात बुरे कर्म का प्रायश्चित करना और भविष्य में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा देना। वर्षाऋतु के चार मास के अन्तर्गत विशेषरूप से पारायण यज्ञों का आयोजन किया जाता है। श्रावणी पर्व के अवसर पर बड़े-बड़े यज्ञ किये जाते हैं जिससे वायुमण्डल सुगन्धित होकर स्वास्थ्य की दृष्टि से हितकर होता है। *निकामेनिकामे नः पर्जन्यों वर्षतु फलवत्यों नः ओषधयः पच्यन्तां योमक्षेमों नः कल्पताम्।* अर्थात - यजुर्वेद में प्रार्थना है कि यज्ञों का प्रभाव वर्षा पर भी पड़ता है। हम जब-जब चाहें बादल आएं और वर्षा करें। हमारी सारी वनस्पितियां फलों व अमोघ औषधियों से लदी हों। इस प्रकार यह विशेष वेदपाठ प्रारम्भ होकर साढ़े चार मास तक नियमपूर्वक बराबर चला जाता था और पौष मास में उसका 'उत्सर्जन' (त्याग या समापन) होता था। ' श्रावणी धार्मिक स्वाध्याय के प्रचार का पर्व है। सद्ज्ञान, बुद्धि, विवेक और धर्म की वृद्धि के लिए इसे निर्मित किया गया, इसलिए इसे ब्रह्मपर्व भी कहते हैं। श्रावणी पर रक्षाबंधन बड़ा ही हृदयग्राही है। श्रावणी वैदिक पर्व है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनि इसी दिन से वेद पारायण आरंभ करते थे। इसे 'उपाकर्म' कहा जाता था। वेद का अर्थ है-सद्ज्ञान और ऋषि का तात्पर्य है वे आप्त महामानव जिनकी अपार करूणा के फलस्वरूप वह सुलभ-सरल हो सका। सद्ज्ञान का वरण जितना आवश्यक है और जिनसे वह प्राप्त हुआ था, जिनके परिश्रम, त्याग, तप व करूणा से सुगम हो सका, उनके द्दष्टा ऋषि-मनीषियों को भी उतना ही श्रद्धास्पद मानना चाहिए एवं उनके प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। सद्कर्म का संकल्पः श्रावणी पर्व पर द्विजत्व के संकल्प का नवीनीकरण किया जाता है। उसके लिए परंपरागत ढंग से तीर्थ अवगाहन, दशस्नान, हेमाद्रि संकल्प एवं तर्पण आदि कर्म किए जाते हैं। श्रावणी के कर्मकाण्ड में पाप-निवारण के लिए हेमाद्रि संकल्प कराया जाता है, जिसमें भविष्य में पातकों, उपपातकों और महापातकों से बचने, परद्रव्य अपहरण न करने, परनिंदा न करने, आहार-विहार का ध्यान रखने, हिंसा न करने, इंद्रियों का संयम करने एवं सदाचरण करने की प्रतिज्ञा ली जाती है। यह सृष्टि नियंता के संकल्प से उपजी है। हर व्यक्ति अपने लिए एक नई सृष्टि करता है। यह सृष्टि यदि ईश्वरीय योजना के अनुकूल हुई, तब तो कल्याणकारी परिणाम उपजते हैं, अन्यथा अनर्थ का सामना करना पड़ता है। अपनी सृष्टि में चाहने, सोचने तथा करने में कहीं भी विकार आया हो, तो उसे हटाने तथा नई शुरूआत करने के लिए हेमाद्रि संकल्प करते हैं। ऐसी क्रिया और भावना ही कर्मकाण्ड का प्राण है। ब्रह्मा, वेद एवं ऋषियों का आह्वानः श्रावणी पर्व पर सामान्य देवपूजन के अतिरिक्त विशेष पूजन के अन्तर्गत ब्रह्मा, वेद एवं ऋषियों का आह्वान किया जाता है। ब्रह्मा सृष्टि कर्ता हैं। ब्राह्मीचेतना का वरण करने एवं अनुशासन के पालन करने से ही अभीष्ट की प्राप्ति हो सकती है। उस विधा को अपनाने, जानने एवं अभ्यास में लाने वाले ही श्रेष्ठता के प्रतीक-पर्याय होते हैं। इस पर्व पर ज्ञान के अवतरण की वेदों के रूप में अभ्यर्थना की जाती है। ज्ञान से ही विकास का आरंभ होता है। अज्ञान ही अवनतिका मूल है। अज्ञान से अशान्ति पनपती और अशक्ति अभाव को जन्म देती है। ज्ञान का प्रत्यक्षीकरण करने के लिए वेदपूजन किया जाता है। ऋषि पूजन का महत्वः ऋषि पूजन के पीछे उच्चतम आदर्श की परिकल्पना निहित है। ऋषि जीवन ने ही महानतम जीवनश्चर्या का विकास और अभ्यास करने में सफलता पाई थी। ऋषि जीवन आंतरिक समृद्धि एवं ऐश्वर्य का प्रतीक है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# नए भारत की नई कहानी

करोड़ों भारतीयों की प्रार्थना और इसरो के विज्ञानियों की मेधा एवं उनके अथक प्रयासों से चंद्रयान-3 अंततः चांद पर पहुंच ही गया। इस महत्वाकांक्षी अभियान ने भारत के लोगों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया और पूरे देश में एक सुखद अनुभूति एवं ऊर्जा की लहर दौड़ा दी। इस महा अभियान के सफल होने से भारतवासियों के अंदर यह एक आत्मविश्वास जगा है कि अब हम किसी भी जटिल से जटिल कार्य को पूर्ण कर सकते हैं और विश्व में ऐसा कोई काम नहीं, जो हम नहीं कर सकते। इसरो एक अर्से से सफलता की गाथा लिख रहा है। उसने अपने को विश्व भर में प्रतिष्ठित कर लिया है। सेटेलाइट भेजने में इसरो ने अपनी जो महारत हासिल की, वह तो अपनी जगह है ही, लेकिन चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर विक्रम की साफ्ट लैंडिंग कराकर उसने विश्व के सभी उन्नत देशों को कहीं पीछे छोड़ दिया। भारत ने वह कर दिखाया, जो दुनिया का कोई देश नहीं कर सका। यही कारण है कि विश्व समुदाय अब भारत को और अधिक तेजी से उभरती हुई महाशक्ति के रूप में देख रहा है। इसरो ने अपने चंद्रयान-3 अभियान को न केवल बहुत कम कीमत में पूरा किया, बल्कि एक तरह से अपने बलबूते ही किया। इसी कारण दुनिया इसरो के साथ भारत का भी गुणगान कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान-3 अभियान के सफल होने पर बधाई देते हुए यह सही कहा कि यह विकसित भारत का शंखनाद है और नए भारत का जयघोष है तथा इसरो की यह सफलता 140 करोड़ देशवासियों को उत्साह एवं उमंग प्रदान करने वाली है। प्रधानमंत्री ने यह भी ठीक ही कहा कि भारत की यह उड़ान चंद्रयान से भी आगे जाएगी और जल्द ही सूर्य के विस्तृत अध्ययन के लिए इसरो आदित्य एल-1 मिशन भी लांच करेगा। इसके बाद सौरमंडल को परखने के लिए दूसरे अभियान भी शुरू किए जाएंगे। वास्तव में उस क्षण ने भारत में नई ऊर्जा, नए विश्वास और नई चेतना का संचार किया, जिस क्षण चंद्रयान का लैंडर चंद्रमा की सतह पर उतरा। इसे प्रधानमंत्री ने यह कहकर अच्छे से रेखांकित किया कि जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते हुए देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है और ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं जीवन में चिरंजीव चेतना बन जाती हैं। चंद्रयान-3 अभियान की सफलता से भारतीय विज्ञानियों में जो नई ऊर्जा का संचार हुआ है, उससे अन्य अनेक लोगों और विशेष रूप से तकनीकी विशेषज्ञों और इंजीनियरों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भारत के सामने कई ऐसी चुनौतियां हैं, जो निम्न स्तरीय इंजीनियरिंग के कारण समस्याएं पैदा कर रही हैं। इन समस्याओं से पार पाने की आवश्यकता है। बाते चाहे आधारभूत ढांचे के निर्माण की हो या शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किए जाने वाले विकास के कार्यों की, हर जगह सुधार जरूरी है। इसरो ने चंद्रयान-3 अभियान को सफल बनाने के लिए जिस दक्षता का परिचय दिया, वह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है। इस अभियान की बारीकियों में जाकर उसे सफल बनाने का जैसा काम किया गया, वैसा अन्य क्षेत्रों में भी इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि कई बार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता या फिर उनकी डिजाइन दोयम दर्जे की रहती है। चंद्रयान-3 की सफलता के पीछे चंद्रयान-2 की असफलता से लिए गए सबक भी हैं। 2019 में जब चंद्रयान-2 अपना अभियान पूरा नहीं कर पाया था, तब देशवासियों को निराशा हुई थी। कुछ देशों के लोगों ने तो इसरो का मजाक उड़ाते हुए यहां तक कहा था कि भारत एक गरीब देश है और उसे पहले अपनी बुनियादी समस्याओं को दूर करना चाहिए। यह भी कहा गया था कि आखिर भारत चांद पर जाने का सपना ही क्यों देख रहा है? इसरो ने इन सभी आलोचकों के मुंह बंद कर दिए। इन आलोचकों को इस पर ध्यान देना चाहिए कि भारत एक ओर जहां गरीबी से पार पाने की हर संभव कोशिश कर रहा है, वहीं विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में भी अपने कदम तेजी से बढ़ा रहा है। वास्तव में यही वह उपाय है, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सकता है। मोदी सरकार ने वर्तमान कालखंड को अमृतकाल का नाम दिया है और यह संकल्प लिया है कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। कुछ लोग यह सवाल कर सकते हैं कि आखिर चांद के दक्षिणी छोर पर पहुंचकर भारत ने क्या पाया? ऐसे लोगों को पता होना चाहिए कि आने वाले समय में चांद को लेकर की जानी वाली खोज मानवता की भलाई में सहायक होगी। चांद में ऐसे अनेक खनिज और रसायन हो सकते हैं, जिनका दोहन करके समृद्धि की ओर बढ़ा जा सकता है। चांद को लेकर किए जाने वाले शोध यह बताने में भी सहायक होंगे कि सौरमंडल कैसे बना और विकसित हुआ? इसके अतिरिक्त इसका भी आकलन हो सकता है कि वहां इंसानों को बसाया जा सकता है या नहीं? यही कारण रहा कि प्रधानमंत्री ने चंद्रयान की सफलता को समस्त मानवता की कामयाबी करार दिया। इस समय जहां इसरो की सफलता का डंका बज रहा है, वहीं भारत के रक्षा उद्योग के साथ सूचना एवं संचार तकनीक क्षेत्र भी आगे बढ़ रहे हैं। इसी तरह फार्मा क्षेत्र भी दुनिया में अपना नाम कमा रहा है। अब कोशिश यह होनी चाहिए कि भारत के सभी शोध-अनुसंधान एवं निर्माण संस्थान अपने कार्यों में वैसी ही उत्कृष्टता हासिल करें, जैसी इसरो ने अंतरिक्ष विज्ञान में प्राप्त कर ली है। चूंकि कोई भी देश अपने संस्थानों के माध्यम से ही विकसित बनने के साथ ही समृद्धि हासिल करता है, इसलिए सरकार को विभिन्न संस्थाओं को उत्कृष्ट शोध एवं अनुसंधान के लिए प्रेरित करना चाहिए और उन्हें पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए। यह ठीक है कि मोदी सरकार इस दिशा में सक्रिय है, लेकिन देश के विभिन्न संस्थानों को विश्व स्तरीय तभी बनाया जा सकता है, जब उन्हें धन के अभाव का सामना न करना पड़े। भारत को एक विकसित देश बनने के लिए अभी एक लंबा सफर तय करना है। इस सफर को तभी आसान बनाकर नए भारत की नई कहानी लिखी जा सकती है, जब हर क्षेत्र सफलता की वैसी ही गाथा लिखेगा, जैसी इसरो ने लिखी और देश के साथ दुनिया को भी चमत्कृत कर दिया।

## Social Media Corner

सच के हक में...



स्वतंत्रता दिवस के दौरान देशवासियों ने अपने प्रयास से हर घर तिरंगा अभियान को हर मन तिरंगा अभियान बना दिया। मुझे विश्वास है कि मेरी माटी, मेरा देश अभियान में भी यही जोश और जुनून देखने को मिलेगा, जो इसे भी पूरी तरह से सफल बनाएगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



किसानों के हित को देखते हुए राज?य सरकार द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के पंजीयन की तारीख बढ़ाने का फैसला किया गया है। अब किसान भाई 31 मई तक अपना पंजीयन करा सकेंगे।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



आज प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। बेटियों पर हर रोज अत्याचार हो रहा है, निर्मम तरीके से उनकी हत्याएं हो रही हैं और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। प्रखंडों में, अंचलों में बिना पैसे लिए एक प्रमाण पत्र तक नहीं बन रहा है। ट्रांसफर - पोस्टिंग के माध्यम से सरकार उगाही करने में लगी हुई है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# शारदीय नवरात्र, न्यायालय और हिंसा से मुक्ति की उम्मीद

कलकत्ता हाई कोर्ट का शारदीय नवरात्र स्थापना स्थान को लेकर जिस प्रकार का निर्णय आया है उसने आज एक नई उम्मीद जगाई है। भारत जैसे सर्वपंथ सद्भाव वाले देश में अनेक घटनाएं अब तक घट चुकी हैं, जब मजहब, पंथ, रिलीजन की आड़ लेकर न जाने कितनी ही हिंसा, तोड़फोड़, आगजनी जैसी वारदातें और अब तक न जाने कितने बेगुनाहों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है। पश्चिम बंगाल जैसी सरकार जोकि कई बार अपने निर्णयों से यह साबित कर चुकी है कि उसका झुकाव एक धर्म विशेष के प्रति है। वह जब चाहती है बहुसंख्यक समाज के धार्मिक आयोजनों को होने से रोक देती है, उनके स्थान बदल देती है। हां ; जिसे छूट देनी होती है उसे छूट जरूर वह दे देती है और जिन्हें नहीं देनी है उसके लिए तमाम नियम आड़े आ जाते हैं। अब तक इन परिस्थितियों में यह कई बार हुआ है कि न्याय पाने के लिए बहुसंख्यक समाज को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी है। इस बार यह अच्छा हुआ है कि कलकत्ता न्यायालय ने शारदीय नवरात्र आरंभ होने से पूर्व ही अपने निर्णय में यह स्पष्ट कर दिया कि दुर्गा पूजा सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने वाला एक व्यापक धर्मनिरपेक्ष माध्यम भी है। ऐसे में उम्मीद करें, शारदीय नवरात्र के सभी दिनों में पश्चिम बंगाल में न कहीं आगजनी होगी और न कहीं पत्थर फेंके जाएंगे। वस्तुतः कलकत्ता उच्च न्यायालय में उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य की एकल पीठ ने एक सामुदायिक दुर्गा पूजा आयोजक की याचिका पर सुनवाई करते हुए की है। इसमें राज्य सरकार के स्वामित्व वाली भूमि पर पूजा आयोजित करने की अनुमति मांगी गई थी। क्योंकि राज्य-नियंत्रित न्यू टाउन डेवलपमेंट अथॉरिटी के नियंत्रण वाली संपत्ति, न्यू टाउन फेयर ग्राउंड में नवरात्र पूजा आयोजित करने की अनुमति देने से इंकार कर दिया था। अथॉरिटी ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के अंतर्गत कानून का संदर्भ देकर मना किया था, जोकि सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक आयोजनों की अनुमति नहीं देता है। स्वभाविक है कि जब कोई रास्ता नहीं बचा तो जिन्हें मां दुर्गा की पूजा करनी है, उन्हें उच्च न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। वस्तुतः यहां न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने न्यू टाउन डेवलपमेंट अथॉरिटी के इस तर्क को पूरी तरह से नकारा जोकि इस प्रकरण में संविधानिक अनुच्छेद 25 की आड़ में स्थान नहीं देना चाहता था। वास्तव में यदि यह लागू होता तो फिर हर पार्क, सड़क, यहां तक कि अन्य खुले स्थान, मेला मैदान सभी ज्यादातर शासकीय अथवा अर्धशासकीय ही होते हैं, ऐसे तो धर्म एवं सामाजिक सद्भाव संबंधी आयोजन ही देश में बंद हो जाएंगे? बड़ा प्रश्न है, क्या भारतीय संविधान यह सभी सामाजिक गतिविधियां सार्वजनिक स्थान के नाम पर बंद कर देने की अनुमति देता है? इसलिए इस मामले में न्यायमूर्ति भट्टाचार्य द्वारा दिया गया यह निर्णय बहुत मायने रखता है। उन्होंने सीधे तौर पर कह दिया है कि दुर्गा पूजा को सिर्फ एक धार्मिक आयोजन के रूप में पहचानना अनुचित होगा। दुर्गा पूजा सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ने वाला एक व्यापक धर्मनिरपेक्ष माध्यम भी है। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने कहा कि न्यू टाउन डेवलपमेंट अथॉरिटी अनुमति देने से मना करना उचित नहीं है, क्योंकि पूजा के लिए प्रस्तावित भूमि का भूखंड सड़क, फुटपाथ या खेल के मैदान की श्रेणी में नहीं आता है। प्रत्येक भारतीय नागरिक को बिना हथियारों के शांतिपूर्ण सभा करने और भारतीय क्षेत्र के भीतर स्वतंत्र रूप से घूमने का अधिकार है। इस अधिकार की गारंटी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के द्वारा देश के प्रत्येक नागरिक को दी गई है। इसलिए मेला मैदान में पूजा आयोजित करने की अनुमति दे दी जाती है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



शिक्षक लगातार मांग कर रहे हैं लेकिन विभाग की ओर से तैयार की गई समेकित सूची और वरीयता सूची में उनकी ओर से इंगित की जा रही त्रुटियों को दूर नहीं किया जा सका है। डीएसई की ओर से प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों को ग्रेडवार प्रोन्नति के लिए औपबंधिक वरीयता सूची संख्या दो ग्रेड 4 विज्ञान एवं गणित, सामाजिक विज्ञान, भाषा तथा सामाजिक विज्ञान एवं भाषा की समेकित सूची तथा वरीयता सूची संख्या चार ग्रेड 7 प्राध्यापक पद पर प्रोन्नति के लिए जारी सूची में व्यापक त्रुटि होने की बात कही जा रही है। बार-बार इस बात पर बल दिया जा रहा है कि इन सूचियों में सुधार किया जाए। शिक्षक संघों का कहना है कि सूची में कई शिक्षकों के नाम नहीं हैं जबकि कई शिक्षक दूसरी सेवाओं में चले गए हैं और उनका भी नाम शामिल कर लिया गया है। शिक्षक संघों का यह भी कहना है कि कुछ शिक्षक की मृत्यु हो गई है उनका भी नाम इस लिस्ट में शामिल कर लिया गया है। वहीं कई कनीय शिक्षक को वरीय दिखाया गया है। इतना ही नहीं, जिला स्थापना समिति की बैठक के पारित प्रस्ताव की भी अनदेखी की गई है। इन विसंगतियों से शिक्षकों में नाराजगी है। सुधार की मांग की जा रही है। सुधार नहीं करने पर शिक्षक संघों की ओर से आंदोलन की तैयारी है। यहां सवाल यह है कि सूची को तैयार करने में जरूरी सावधानियों पर क्यों नहीं ध्यान दिया गया। मानवीय त्रुटि की बात कही जाए तो जब शिक्षक संघों की ओर से गलतियों को इंगित किया जा रहा है तो जल्द से जल्द गलतियों को सुधारा क्यों नहीं जा रहा है। और अगर सूची सही है तो इस बात को भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए ताकि शिक्षकों का बहुमूल्य समय खराब नहीं हो।

**जमील अख्तर, जिला अध्यक्ष, युवा कांग्रेस रांची**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# शुभमन और ईशान एशिया कप में धोनी ओर रैना के रिकार्ड की बराबरी के इरादे से उतरेंगे

**मुम्बई (एजेंसी)।** एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल युवा बल्लेबाजों शुभमन गिल और ईशान किशन पर सभी की नजरें रहेंगी। ये दोनो ही बल्लेबाज पहली बार एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किये गये हैं। इस दौरान इन दोनो की नजरें पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और सुरेश रैना के एक बड़े रिकॉर्ड पर रहेगी।

एशिया कप में अब तक भारत की ओर से केवल धोनी और रैना ही पदार्पण मुकाबले में शतक लगा पाये हैं। धोनी ने 2008 में हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ नाबाद 109 रन बनाए थे। वहीं इसी सत्र में रैना ने भी हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ 101 रन बनाये थे। एशिया कप के अपने पहले मैच में अजिंक्य रहाणे ने 2014 में बांग्लादेश के खिलाफ 73 रन जबकि पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ ने 1997 में श्रीलंका के खिलाफ 69 रन बनाए थे। वहीं केएल राहुल ने 2018 में अफगानिस्तान के खिलाफ 60 बनाये थे।

सलामी बल्लेबाज शुभमन ने इस साल न्यूजीलैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ तेजी से 210 रन बनाए थे।

एकदिवसीय क्रिकेट में तक पांच बल्लेबाज ही दोहरा शतक लगा पाये हैं। सबसे अधिक 3 दोहरे शतक रोहित शर्मा ने लगाए हैं। इसके अलावा वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर ने भी एक-एक बार यह उपलब्धि हासिल की है। एशिया कप के इस सत्र में भारत, पाकिस्तान, नेपाल एक ग्रुप में हैं जबकि दूसरे ग्रुप में अफगानिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका को रखा गया है।



# भारतीय पुरुष 4×400 मी रिले टीम ने एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा, पहली बार विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में




**बुडापेस्ट (एजेंसी)।** भारत की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने दो मिनट 59.05 सेकेंड के समय से एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहली बार विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

भारत के मोहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल वारियाथोडी और राजेश रमेश की चौकड़ी ने शनिवार को पहली हीट (क्वालीफाईंग रेस) में अमेरिका (2~58.47) के बाद दूसरा स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। प्रत्येक दो हीट में से शीर्ष तीन पर रहने वाली और अगली दो सबसे तेज रहने वाली चौकड़ी ही फाइनल में पहुंचती है। एशियाई रिकॉर्ड दो मिनट 59.51 सेकेंड का था जो जापान की टीम के नाम था।

इससे पहले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 2021 में 3~00.25 के समय से बना था। भारतीय खिलाड़ियों ने विश्व रिकॉर्डधारी अमेरिकी चौकड़ी को कड़ी चुनौती दी और उनके करीब दूसरे स्थान पर रही। भारत दो हीट में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर रहा। इस तरह वह मजबूत ब्रिटेन (2~59.42) और जमैका (2~59.82) से आगे रहा जिन्होंने क्रमश~ तीसरा और पांचवां स्थान हासिल किया।

# एशिया कप में सबसे अधिक रन बनाने वाले शीर्ष दोनो बल्लेबाज हैं श्रीलंकाई

## –जयसूर्या पहले, संगकारा दूसरे नंबर पर

**मुम्बई (एजेंसी)।** इसी माह के अंत में शुरु हो रहे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। एशिया कप इस बार एकदिवसीय प्रारुप में खेला जाएगा। आगामी विश्वकप को देखते हुए इस मुकाबले का महत्व और भी बढ़ गया है। इससे इसमें भाग लेने वाली टीम को विश्वकप में लाभ मिलना तय है। एशिया कप में भारत, पाकिस्तान , श्रीलंका, बांग्लदेश , नेपाल और अफगानिस्तान जैसी टीमें भाग लेंगी। इसमें सभी को भारत-पाक के बीच होने वाले मुकाबले का बेसब्री से इंतजार है। इस बार एशिया कप की मेजबानी पाक को मिली थी पर भारतीय टीम के इंकार के बाद इसे संयुक्त रुप से पाक और श्रीलंका में रखा गया है। इसमें केवल चार मैच पाक में होंगे। वहीं फाइनल सहित बाकि सभी मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे। एशिया कप में भारत, पाक और श्रीलंका को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

वहीं अगर इसमें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की बात करें तो श्रीलंका के दो खिलाड़ी सनथ जयसूर्या और कुमार संगकार पहले ओर दूसरे नंबर पर हैं। जयसूर्या ने अब तक सबसे अधिक 1220 रन बनाये हैं। उन्होने ये रन 25 मैचों में बनाये हैं। जिसमें 6 शतक और 3 अर्द्धशतक भी शामिल हैं जबकि संगकारा के नाम 1075 रन हैं। संगकारा ने 4 शतक और 8 अर्धशतक के साथ ही 24 मैचों में 1075 रन बनाए हैं। तीसरे स्थान पर भारत के सचिन तेंदुलकर हैं। सचिन के नाम 971 रन हैं। इस सूची में तीसरे स्थान पर भारत के सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने 2 शतक और 7 अर्द्धशतक के साथ ही एशिया कप के 23 मैचों में 51.10 की औसत से 971 रन बनाए हैं। वहीं पाकिस्तान के शोएब मलिक ने 17 मैचों में 65.50 की शानदार औसत और 90.65 की स्ट्राइक रेट से 786 रन बनाए हैं और वह चौथे नंबर पर हैं। इसके बाद पांचवे नंबर पर भारत के रोहित शर्मा हैं। रोहित ने 22 मैचों में 46.56 की औसत से 745 रन बनाए।

# विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले एच एस प्रणय को पीएम मोदी ने दी बधाई, कहा- पूरे टूर्नामेंक में उनकी कौशल की चमक दिखी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय ने डेनमार्क में आयोजित हुई विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता है। इस जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें खास उपलब्धि के लिए बधाई दी है। इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेल प्रेमियों के लिए सच्ची प्रेरणा बताया है। विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले एच एस प्रणय पांचवें भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बन गए है। विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में एच एस प्रणय का ये पहला पदक है।



बता दें कि एचएस प्रणय के इस पदक बदौलत भारत का 2011 के बाद से विश्व चैम्पियनशिप में एक पदक जीतने का रिकॉर्ड कायम रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स (पूर्व में ट्विटर)' पर एक पोस्ट में कहा, ''क्या शानदार उपलब्धि है प्रणय। बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीतने पर उन्हें बधाई। उनके कौशल और कड़ी मेहनत ने पूरे टूर्नामेंट में चमक बिखेरी है। वह सभी बैडमिंटन प्रेमियों के लिए एक सच्ची प्रेरणा हैं।

### पिनाराई विजयन ने भी दी शुभकामनाएं

इस जीत के साथ ही केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भी एच एस प्रणय को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य के उभरते खिलाड़ी भी प्रणय की इस उपलब्धि से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेंगे। बता दें कि इस मुकाबले में एच एस प्रणय का फाइलन में पहुंचने का सपना टूट गया मगर पहली बार चैंपियनशिप में पदक अपने नाम कर उन्होंने इतिहास रच दिया है।

### ऐसा रहा मुकाबला

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय का शनिवार को यहां यहां विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में स्वप्निल सफर पुरुष एकल सेमीफाइनल में थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्ण से तीन गेम में हारकर समाप्त हो गया। इस मैच में हार के बाद एच एस प्रणय को कांस्य पदक से संतोष कर अभियान से निकलना पड़ा। एच एस प्रणय (31 वर्ष) दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफशुरुआती गेम की बढ़त गंवा बैठे। दूसरे गेम में वह 5-1 से बढ़त बनाये थे लेकिन तीन बार के पूर्व विश्व जूनियर चैम्पियन ने बेहतर 'डिफेंस और अटैक' के बूते 18-21 21-13 21-14 से जीत हासिल कर लगातार दूसरे फाइनल में प्रवेश किया।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और गत चैम्पियन विक्टर एक्सेलसेन को हराने के एक दिन बाद प्रणय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। इस मैच में उनका डिफेंस कमजोर दिखा और वह 76 मिनट के मुकाबले के दौरान निरंतरता नहीं दिखा सके। इस सत्र में आस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता प्रणय पिछले साल आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दो कड़े गेम में हार गये थे और थाईलैंड के इस खिलाड़ी के डिफेंस की ताकत और वापसी करने की काबिलियत से वाकिफथे।

### ये भारतीय भी जीत चुके हैं पदक

बता दें कि भारत के लिए किदाम्बी श्रीकांत (रजत), लक्ष्य सेन (कांस्य), बी साई प्रणीत (कांस्य) और प्रकाश पादुकोण (कांस्य) के बाद एचएस प्रणय पांचवे पुरुष खिलाड़ी बने हैं जिन्होंने एकल में पदक अपने नाम किया है। वहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने एक स्वर्ण (2019) सहित पांच एकल पदक जीते हैं। साइना नेहवाल (रजत और कांस्य) ने दो पदक जीते हैं जबकि ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी ने 2011 में कांस्य पदक जीता था। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 2022 में कांस्य पदक जीता था।

# विश्वकप क्रिकेट का उदघाटन समारोह भी अहमदाबाद में ही होगा

मुम्बई । पांच अक्टूबर से होने वाले एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट का उदघाटन समारोह भी अहमदाबाद में ही होगा । उद्घाटन के बाद फाइनल मैच भी 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा । इस प्रकार अहमदाबाद ही आकर्षण का केन्द्र रहेगा क्योंकि भारत और पाकिस्तान का अहम मुकाबला भी यहीं खेला जाएगा । विश्व कप के उदघाटन समारो में सभी 10 टीमों के कप्तान उपस्थित रहेंगे । विश्वकप के 13वें सत्र का पहला मैच मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा । उदघाटन समारोह में से पांच विशेष बातें रहेंगी । एक रिपोर्ट के अनुसार उदघाटन समारोह में आईसीसी के सदस्य, कार्यकारी बोर्ड के सदस्य और बीसीसीआई के अधिकारी भी शामिल होंगे । प्राप्त जानकारी के अनुसार उदघाटन समारोह में भव्य कार्यक्रम होंगे। इसका समापन एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा । आईसीसी कार्यक्रम के दौरान 10 कप्तानों के लिए एक औपचारिक ब्रीफिंग सत्र भी होगा, जिसे कैप्टन्स डे के रूप में जाना जाता है । इस समारोह से पहले 3 अक्टूबर को 6 टीमों अभ्यास मैच खेलेंगी । भारत–नीदरलैंड्स, ऑस्ट्रेलिया–पाकिस्तान और श्रीलंका–अफगानिस्तान ये मुकाबले खेलेंगी । 4 अक्टूबर की सुबह सभी टीम के कप्तान अहमदाबाद पहुंच सकते हैं । इस दौरान कप्तान को मैदान पर ले जाने की खास तैयारी चल रही है । इससे पहले 2011 में भारत में हुए विश्वकप की बात करें, तो उदघाटन समारोह बांग्लादेश में हुआ था ।

# विराट की तरह है आजम का खेलने का अंदाज : मूडी

सिडनी । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टॉम मूडी ने कहा है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम और भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली में कई समानताएं हैं । मूडी ने कहा कि जिस प्रकार आजम के खेलने का अंदाज है, वह मुझे काफी हद तक विराट कोहली की याद दिलाता है । वह विराट की तरह भरोसेमंद क्रिकेट शॉट्स खेलते हैं । ऐसा लगता है कि वह खेल को बहुत अच्छे से समझता है । वह लक्ष्य का पीछा करने में भी विराट जैसा ही पारंगत है । इसलिए कहा जा सकता है कि दोनो के बीच बहुत समानता है हालांकि विराट का एशिया कप में रिकार्ड आजम से अच्छा है । इन दोनो को ही दबाव के बीच बल्लेबाजी करते देखना सुखद होता है । आजम की कप्तानी को लेकर मूडी ने कहा कि किसी भी एशियाई टीम में किसी भी कप्तान के लिए कप्तानी हमेशा बहुत कठिन होती है। अब उनके पास भी काफी अनुभव है और बहुत सारे खिलाड़ी हैं जो कप्तानी की भूमिकाओं में हैं, चाहे वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट में हो या उनके घरेलू क्रिकेट में । इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने दोनों की तुलना पर कहा था कि ऐसा फिर हो सकता है । साथ ही कहा कि स्टार खिलाड़ियों के साथ ये होता रहता है । जब भी नया खिलाड़ी उभरता है तो उसकी तुलना एक ऐसे खिलाड़ी से की जाती है जो स्थापित हो ।




# रोहित, विराट ने एशिया कप से पहले किया जमकर अभ्यास


**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय टीम आजकल एशिया कप की तैयारियों में लगी है। इसके लिए क्रिकेटर कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के थ्री ओवल्स कैंपस में बने एक शिविर में अभ्सास कर रहे हैं। इसी दौरान टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने जहां तेज गेंदबाजों, वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने स्पिनरों के खिलाफ अभ्यास किया। रोहित को गेंदबाजी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अनिकेत चौधरी ने गेंदबाजी की। एकदिवसीय क्रिकेट में देखा गया है कि रोहित बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के आगे संघर्ष करते रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर ने कहा कि रोहित को बाएं हाथ के गेंदबाजों के खिलाफ खेलना चाहिये।

बांगर ने कहा कि ज्यादातर टीमों के पास दाएं हाथ के गेंदबाजों की जोड़ी होती है। साथ ही कहा कि एक बाएं हाथ का गेंदबाज स्टंप के करीब से गेंदबाजी करता है और गेंद दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए अंदर की ओर आती है। इसलिए गेंदबाज के आक्रामक होने पर शांत रहते हुए मिड-ऑफ और मिड-ऑन क्षेत्रों में रन बनाने के बारे में सोचना चाहिए।

इससे बल्लेबाज को उस कोण से होने वाली गेंदबाजी के खिलाफ बेहतर स्थिति में आने का अवसर भी मिलता है। इसलिए बल्लेबाज को सीखने की जरूरत है कि बाएं हाथ की गेंदबाजी के खिलाफ कहां रन बनाए जा सकते हैं और बल्लेबाज को किन बातों पर अधिक ध्यान देना चाहिये। इसी को देखते हुए अभ्यास के दौरान रोहित ने इन क्षेत्रों पर अधिक ध्यान दिया। वहीं विराट कोहली ने नेट्स में स्पिनरों के खिलाफ तेजी से बल्लेबाजी की। इससे साफ है कि विराट अभी लय में हैं। इसका लाभ भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में भी मिल सकता है।



# लियोनल मेस्सी ने मेजर लीग सॉकर मीडिया नियमों का किया उल्लंघन



हैरिसन (न्यूयॉर्क) : लियोनल मेस्सी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) पदार्पण के बाद पत्रकारों से बात नहीं की जो लीग के मीडिया नियमों का उल्लंघन है । मेस्सी ने शनिवार रात इंटर मियामी की न्यूयॉर्क रेड बुल्स पर 2–0 की जीत में 89वें मिनट में गोल दागा । मियामी की प्रवक्ता मॉली ड्रेस्का ने मैच के बाद कहा कि मेस्सी को पत्रकारों के लिए उपलब्ध नहीं किया जा रहा है । वहीं एमएलएस के संचार कार्यकारी उपाध्यक्ष डैन कोर्टेमांचे ने कहा कि मेस्सी को अन्य खिलाड़ियों की तरह मुकाबलों के बाद मीडिया के उपलब्ध करना जरूरी था ।

# पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय में भी अफगानिस्तान को हराकर सीरीज जीती

**कोलंबो (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में भी अफगानिस्तान को 59 रनों से हराकर एकदिवसीय सीरीज मे 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। इससे पहले के दोनो मुकाबले भी पाक ने आसानी से जीते थे। पाक की इस जीत में बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक की अहम भूमिका रही है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक की ओर से कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर रिजवान ने अर्धशतक लगाने के साथ ही 8 विकेट पर 268 रन बनाये। अफगानिस्तान की ओर से गुलबदिन और फरीद अहमद ने 2-2 विकेट लिए।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम 48.4 ओवरों में ही 209 रनों पर आउट हो गयी। अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अनुभवी बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज 5 रन बनाकर ही आउट हो गये। वहीं इब्राहिन जादरान भी शून्य पर ही आउट हो गये। इसके बाद अफगान टीम के बल्लेबाज एक के बाद एक पेवेलियन लौट गये। केवल एक बल्लेबाज मुजीब उर रहमान ही 64 रन बना पाये। वहीं पाक की ओर से शादाब खान ने 3 विकेट जबकि शाहीन अफरीदी, फहीम अशरफ और मोहम्मद नवाज ने 2-2 विकेट लिए। वहीं रिजवान ने 67 रन जबकि आजम ने 60 रन बनाये। अगा सलमान भी 38 रन बनाकर पेवेलियन लौटे।




# आईबीएसए विश्व खेलों में पाकिस्तान की नेत्रहीन क्रिकेट टीम ने भारत को हराकर स्वर्ण जीता

मुम्बई (ईएमएस) । भारतीय पुरुष नेत्रहीन क्रिकेट टीम को आईबीएसए विश्व खेलों के खिताबी मुकाबले में हार के साथ ही रजत पदक मिला है । पाकिस्तान की नेत्रहीन क्रिकेट टीम ने भारतीय टीम को 8 विकेट से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है । अंतरराष्ट्रीय नेत्रहीन स्पोर्ट्स फेडरेशन ने क्रिकेट को पहली बार विश्व खेलों में शामिल किया था । टी20 प्रारुप के इस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक को जीत के लिए 185 रनों का लक्ष्य दिया । भारत की ओर से डुन्ना ने 20 रन बनाए जबकि टॉमपाकी ने 76 रन बनाए । वहीं एस रमेश ने 48 रन बनाये । इसके बाद जीत के लिए मिले 185 रन के लक्ष्य को पाक टीम ने 15वें ओवर में ही हासिल कर लिया । पाक की जीत में एम. उल्लाह और एन. अली की अहम भूमिका रही । इन दोनो ने ही शुरुआत में ही50 रन बना दिये । इसके बाद एम सलमान ने 48 रन और बी मुंजीर ने 41 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी ।

# 'मामूली झड़प' के कारण भारतीय निशानेबाज को विश्व चैंपियनशिप से किया बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के चोटी के पिस्टल निशानेबाज अंकित तोमर को 'अपने साथी निशानेबाज के साथ मामूली झड़प' के कारण टीम की रवानगी से एक सप्ताह पहले बाकू में चल रही आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के भारतीय दल से हटा दिया गया था। उनके पिता ने रविवार को यह जानकारी दी। देश के प्रमुख सेंटर फायर पिस्टल निशानेबाज 21 वर्षीय तोमर को सात अगस्त को तब इस बारे में पता चला जब उन्होंने देखा कि अजरबैजान के बाकू शहर को रवाना होने वाले निशानेबाजों की सूची में उनका नाम नहीं है। विश्व चैंपियनशिप 14 अगस्त को शुरू हुई थी और यह एक सितंबर तक चलेगी।

तोमर को जुलाई में दक्षिण कोरिया के चांगवोन में आईएसएसएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के दौरान 'मामूली झड़प' का खामियाजा भुगतना पड़ा। सोनीपत के रहने वाले इस निशानेबाज ने जूनियर चैंपियनशिप में कमलजीत और संदीप विश्नोई के साथ मिलकर 50 मीटर पिस्टल में टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। जब तोमर ने प्रतिष्ठित विश्व चैंपियनशिप के लिए सूची में अपना नाम नहीं देखा तो उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) से संपर्क किया तो उन्हें बताया गया, 'आपको सूचित कर दिया गया है कि जब तक (एनआरएआई) की अनुशासन समिति का अंतिम फैसला नहीं आ जाता तब तक आपको किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।%

तोमर ने एनआरएआई से अनुशासन समिति की सुनवाई जल्द से जल्द करवाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा था, 'यह मेरे भविष्य का सवाल है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि कल फैसला कर लें क्योंकि टीम की रवानगी में बहुत कम समय बचा है।' तोमर ने एनआरएआई के सचिव राजीव भाटिया को भेजे गए ई-मेल में लिखा, 'मैं बाकू में खेलना चाहता हूं क्योंकि यह मेरे भविष्य से जुड़ा है और मैं अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं। आप मेरा स्कोर देख सकते हैं।' एनआरएआई ने इस निशानेबाज को कारण बताओ नोटिस जारी किया लेकिन तोमर के पिता दविंदर कुमार ने कहा कि उनके बेटे को अभी तक सुनवाई के लिए नहीं बुलाया गया है जिससे वह परेशान और निशानेबाजी में अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। दविंदर ने कहा, 'यह अनुशासनहीनता का मामूली मामला था जिसकी मेरे बेटे को बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है और उसे विश्व चैंपियनशिप की टीम से बाहर कर दिया गया। वह सेंटर फायर पिस्टल में देश का नंबर एक निशानेबाज है और अगर वह जाता तो स्वर्ण पदक जीत सकता था। बाकू में हमने इस स्पर्धा में केवल कांस्य पदक जीता।' उन्होंने कहा, 'जूनियर टीम के साथ गए कोच ने भी अपना पद छोड़ दिया है क्योंकि वह एनआरएआई को यह समझाने का प्रयास कर रहे थे कि यह मामूली घटना थी। वह अभी बच्चे हैं और गलतियां कर सकते हैं। लेकिन इसके लिए उन्हें कड़ी सजा दी गई।' संबंधित कोच ने हालांकि इसका खंडन करते हुए कहा, 'बाकू गए भारतीय दल के कोच की सूची में मेरा नाम नहीं होने का मतलब यह नहीं है कि एनआरएआई भविष्य में मेरी सेवाएं नहीं लेगा।' एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह ने तोमर को बाकू जाने वाली टीम से हटाए जाने की पुष्टि करते हुए कहा, 'भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए अनुशासन बेहद जरूरी है। एक घटना में वे बंदूक लेकर होटल में इधर-उधर दौड़ रहे हैं और होटल में इसका वीडियो रिकॉर्ड किया गया है। बंदूकधारियों को आसपास देखकर होटल के कर्मचारी घबरा गए थे।' तोमर ने भी एनआरएआई को लिखे माफीनामा में इन घटनाओं का जिक्र करके स्पष्ट किया था कि यह मामूली घटनाएं थी।



# संकट में श्रीलंकाई टीम, चामीरा और वानिंदु हसरंगा चोटिल


कोलंबो । श्रीलंका को करारा झटका लगा जब उसके 4 क्रिकेटरों का चोट लगने और कोविड–19 संक्रमित आने से आगामी एशिया कप में खेलना संदिग्ध हो गया । तेज गेंदबाज दुष्मंता चामीरा और लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा चोटिल हैं, जबकि कुसाल परेरा और अविष्का फर्नांडो कोविड–19 जांच में पॉजिटिव आए हैं । चामीरा कंधे की चोट के कारण एशिया कप से बाहर हो सकते हैं जो उन्हें हाल में लंका प्रीमियर लीग के दौरान लगी थी । एशिया कप से ठीक पहले कोविड के मामले आने से टूर्नामेंट पर भी प्रभाव पड़ने की आशंका है । बताया जा रहा है कि हसरंगा को एलपीएल फाइनल से पहले जांघ में हल्की चोट लगी थी जिससे हो सकता है कि वह एशिया कप में अपनी टीम के शुरुआती दो मैच में नहीं खेल सके । श्रीलंका एशिया कप में अपने अभियान का आगाज 31 अगस्त को बांग्लादेश के खिलाफ मैच से करेगा । श्रीलंका की मुश्किल तब और बढ़ गई जब बल्लेबाज परेरा और फर्नांडो को कोरोना जांच में पॉजिटिव पाया गया । दोनों को निगरानी में रखा गया है और टीम में उनका शामिल होना उनके उबरने की प्रक्रिया पर निर्भर करेगा । श्रीलंकाई टीम प्रबंधन ने कहा कि दोनों को एलपीएल 2023 के अंतिम चरण के दौरान कोविड–19 संक्रमण हुआ ।

# फिर साथ काम करेंगे रवीना टंडन-अक्षय कुमार

खतरों के खिलाडी यानि अक्षय कुमार की कॉमेडी फ्रेंचाइजी वेलकम-3 को लेकर भी जोरों-शोरो से चर्चा हो रही है। इस फ्रेंचाइजी में कई बड़े एक्टर जुड़े हैं। मस्त-मस्त गर्ल रवीना टंडन का भी वेलकम-3 में शानदार स्वागत हुआ है। रिपोर्ट्स की मानें तो मजनू और उदय शेट्टी की शानदार जोड़ी इस फिल्म में फैंस को देखने नहीं मिलेगी। हालांकि, बॉलीवुड के मुन्ना-सर्किट यानी की संजय दत्त और अरशद वारसी वेलकम- 3 में चार चांद लगाते हुए नजर आएंगे। अब हाल ही में फिल्म की शूटिंग कब शुरू होगी, इसको लेकर भी एक अपडेट आया है।अक्षय कुमार-संजय दत्त स्टारर इस फिल्म के तीसरे पार्ट का टाइटल वेलकम-टू द जंगल है। एक रिपोर्ट्स की मानें, जब रवीना टंडन और निर्देशक अहमद खान साथ में एक डांस रियलिटी शो कर रहे थे, तो उस दौरान दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई थी। रिपोर्ट्स की मानें तो जैसे ही अहमद खान ने रवीना टंडन को फिल्म की स्क्रिप्ट दिखाई थी, तो एक्ट्रेस ने तुरंत ही काम करने के लिए हामी भर दी थी।

सूत्रों की मानें तो फिल्म में अक्षय कुमार और रवीना टंडन एक-दूसरे के अपोजिट नजर आएंगे। ये दोनों वेलकम टू द जंगल की शूटिंग पूरी स्टारकास्ट के साथ इस साल अक्टूबर के महीने में शुरू करेंगे। ये बात किसी से नहीं छुपी है कि अक्षय कुमार और रवीना टंडन का एक समय पर गहरा रिश्ता था। दोनों की बात सगाई तक पहुंच चुकी थी। दोनों को बॉलीवुड का पावर कपल कहा जाता था। हालांकि, दोनों के रिश्ते में कुछ हुआ और अचानक ही इनकी राहें एक-दूसरे से जुदा हो गईं। हालांकि, समय के साथ दोनों ने अपने मन की खटास को बिल्कुल मिटा दिया और अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए।





# किशोर दा, रफी साहब की कमी को पूरा किया नये गायकों ने: जावेद

बालीवुड के मशहूर स्क्रीप्ट राइटर जावेद अख्तर ने कहा कि किशोर दा, मुकेश जी और रफ़ी साहब के जाने के बाद, कुमार शानू, सोनू निगम और उदित नारायण जैसे गायकों ने उस कमी को पूरा किया और अपनी सुरीली आवाज़ से लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई।


इश्क है गाने के लॉन्च पर जावेद अख्तर मौजूद रहे, जिसे कुमार शानू ने गाया है और ऑक्टेव म्यूजिक द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यहां उन्होंने कुमार सानू के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की और कहा, मुझे किसी भी हाल में इस लॉन्च पर आना ही था। कुमार शानू मेरे बहुत खास व्यक्ति हैं। वह मेरे कई गानों की आवाज रहे हैं और हमारे बीच बहुत अच्छे व्यक्तिगत संबंध भी हैं। इसलिए आज मेरा यहां आना स्वाभाविक था।

उन्होंने कहा, जब रफी साहब, किशोर दा और मुकेश एक-एक कर इस इंडस्ट्री से चले गए, तो हर जगह सन्नाटा था। लेकिन कुमार शानू, उदित नारायण और सोनू निगम जैसे सिंगर्स ने उस खालीपन को भरा और अपनी आवाज से लोगों का मनोरंजन किया। जावेद अख्तर ने कहा, मैंने कुमार सानू के साथ सबसे ज्यादा काम किया है। उस वक्त उन्होंने जितने गाने गाए थे, मुझे लगता है कि किसी भी गायक ने इतने गाने नहीं गाए होंगे। उनके नाम एक दिन में नौ गाने रिकॉर्ड करने का रिकॉर्ड है। आशा जी का भी एक दिन में 5-6 गाने का रिकॉर्ड है लेकिन नौ गाने रिकॉर्ड करने का काम केवल कुमार शानू ही कर सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा, कुमार शानू, अलका याग्निक और मैं, हम सब में एक बात समान है। हम तीनों को एक साल में फिल्मफेयर पुरस्कारों में सभी पांच नोमिनेशन मिले हैं। तो एक साल ऐसा था जब सभी पांच नोमिनेशन अलका याग्निक के लिए थे, एक साल ऐसा था जब सभी पांच नोमिनेशन कुमार शानू के लिए थे और एक साल ऐसा था जब दिए गए सभी नोमिनेशन मेरे लिए थे। तो सवाल यह नहीं था कि अवॉर्ड कौन जीतेगा, सवाल यह था कि हम किस फिल्म के लिए अवॉर्ड जीतेंगे। जावेद अख्तर ने कहा, मेरे जीवन में कुमार शानू के लिए बहुत सम्मान और अपार प्यार है।


# ओएमजी-2 150 करोड़ के आंकड़े को छूने को बेताब


बालीवुड के खतरों के खिलाडी यानि एक्टर अक्षय कुमार की विवादों में रही फिल्म ओएमजी-2 150 करोड़ के आंकड़े को छूने के लिए प्रयासरत है। उम्मीद है अपने तीसरे सप्ताहांत में वह यह आंकड़ा पार कर लेगी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर गदर-2 से टकराव के बावजूद अच्छी कमाई की है। इस फिल्म में मेकर्स ने एडल्ट एजुकेशन देने की कोशिश की है, जिसे देखते हुए सेंसर बोर्ड ने फिल्म को ए सर्टिफिकेट दिया। इसका मतलब है कि सिनेमाघरों में इस फिल्म को केवल एडल्ट यानी 18 साल से अधिक आयु के दर्शक ही देख सकते हैं। विवादों के बावजूद 11 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म अब तक 150 करोड़ रुपए की कमाई के करीब पहुंच चुकी है। अब डायरेक्टर अनिल राय ने फिल्म की ओटीटी रिलीज की जानकारी दी है। अनिल ने कहा कि हम फिल्म के अनकट वर्जन को ओटीटी पर रिलीज करेंगे ताकि जिस वर्ग के लिए इस फिल्म को बनाया गया है, वो देख सकें।




# ओटीटी प्लेटफार्मों पर सीरीज और फिल्मों की भरमार

विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्मों पर नई एक्शन, ड्रामा, रोमांस और दोस्ती की कहानियों पर आधारित सीरीज और फिल?मों की भरमार है। तमन्ना भाटिया की आखिरी सच से लेकर रैपर रफ्तार की पहली सीरीज बजाओ तक और पवन कल्याण की तेलुगु कॉमेडी फिल्म ब्रो आपको बांधे रखेगी। आईएएनएस एक मनोरंजक स्लेट लेकर आया है, जो विभिन्न शैलियों और भाषाओं में फैले शीर्षकों के साथ विभिन्न विकल्पों के दर्शकों को लुभाएगा।एक रात, एक परिवार, कई मौतें, एक जांच अधिकारी और विभिन्न सिद्धांत, आखिरी सच सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज प्रत्येक चरित्र के जीवन को उजागर करेगी, जिसमें मुख्य जांच अधिकारी अन्या की भूमिका निभा रही तमन्ना भाटिया मौतों के रहस्य को उजागर करने के मिशन पर निकलती हैं। आखिरी सच आपको तमन्ना, अभिषेक बनर्जी, शिविन नारंग, दानिश इकबाल, निशु दीक्षित, कृति विज और संजीव चोपड़ा के प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ एक भावनात्मक यात्रा पर ले जाती है।



# द फ्रीलांसर में अनुपम खेर का है यूनिक लुक

बालीवुड एक्टर अनुपम खेर का वेब सीरीज द फ्रीलांसर में डॉक्टर खान रूप में यूनिक लुक है। खेर ने वेब सीरीज द फ्रीलांसर में अपने किरदार और लुक के बारे में खुलासा किया है। सीरीज में सुशांत सिंह, जॉन कोककेन, गौरी बालाजी और नवनीत मलिक, मंजिरी फडनिस, सारा जेन डियास सहित अन्य कलाकार हैं। खूबसूरत अभिनेत्री कश्मीरा परदेशी द फ्रीलांसर में आलिया की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं। उन?होंने बताया कि डॉ. खान एक बेहतरीन किरदार है। द फ्रीलांसर के लिए उनका मार्गदर्शन सीरीज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन?होंने कहा, इसलिए, इस लुक को तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। मैंने बहुत सारी फिल्में की हैं, जिनमें अलग-अलग लुक बनाना बहुत मुश्किल था, लेकिन यह लुक यूनिक है। यह वेब सीरीज शिरीष थोराट की बेस्ट सेलिंग किताब ए टिकट टू सीरिया पर आधारित है। इसे भाव धूलिया ने डायरेक्ट किया है और फाइडे स्टोरीटेलर्स ने इसे प्रोड्यूस किया है।

# कुशी की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं देवरकोंडा

साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म अर्जुन रेड्डी के छह साल पूरे होने का जश्न मनाया जा रहा है। सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की यह फिल्म है। अभिनेता अपनी आने वाली फिल्म कुशी की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की छठी वर्षगांठ के अवसर पर अभिनेता ने पुरानी बातों को याद किया जिसमें वह अपने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के साथ एक कैफे में बैठे थे जहां उनको किसी ने नहीं पहचाना था। अभिनेता ने कहा, समय उड़ जाता है। हमने हैदराबाद की सड़कों पर खुलेआम गुरिल्ला शैली में फिल्म की बहुत सारी शूटिंग की, दौड़ते हुए, सड़क पर चलते हुए सभी सीन किए। उन्होंने आगे उल्लेख किया, हम दो पागल आदमी थे जो कहानी कहने के जुनून में थे। मैं पहले के समय के बारे में बड़े चाव से सोचता हूं। अगली बार जब तक मैं और संदीप एक साथ नहीं मिलते, तब तक मैं उन सभी को अपना प्यार भेजता हूं।मुझे अभी भी एक कैफे में पहली बार सुनाई गई कहानी अच्छी तरह से याद है, जहां किसी ने हमें नहीं पहचाना, क्योंकि वहां मैं और संदीप सिर्फ 2 ग्राहक थे।



# फिल्म 'हड्डी' का ट्रेलर रिलीज

बालीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी की अगली फिल्म 'हड्डी' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन एक नए अंदाज में नजर आ रहे हैं। इसमें एक बेहद खतरनाक ट्रांसजेंडर के रोल में नवाज नजर आ रहे हैं। उनके अपोजिट विलेन के रोल में अनुराग कश्यप होंगे। फिल्म 7 सितंबर को ओटीटी पर रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में नवाज बेहद खूंखार दिख रहे हैं। वे इसमें हड्डी नाम के एक ट्रांसजेंडर का रोल प्ले कर रहे हैं। वहीं अनुराग इसमें विलेन प्रमोद अहलावत बने हैं जो नवाज के पूरे खानदान का मर्डर कर देता है। कहानी हड्डी के बदले की है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने हर किरदार में जान फूंक देते हैं। अब उनकी नई फिल्म हड्डी का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी की दमदार परफॉर्मेंस ने महफिल लूट ली है। वहीं अनुराग कश्यप और मोहम्मद जीशान अय्यूब की भी झलक देखने को मिली है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म हड्डी का ट्रेलर लॉन्च होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।




फिल्म के ट्रेलर में जो संवाद दिखाए गए हैं वो कुछ हद तक दर्शकों को प्रभावित करने में सफल रहे हैं। यह संवाद जल्द ही दर्शकों की जुबान पर सुनने को मिल सकते हैं। आम भाषा में बोले गए यह संवाद दृश्य को प्रभावशाली बनाने में मदद करते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के किरदार की झलक देखने को मिलती है। वह साड़ी पहने एक ट्रांसजेंडर के किरदार में नजर आ रहे हैं। वह डायलॉग बोलते हैं, क्या आप जानते हैं लोग हमसे क्यों डरते हैं? हमारे आशीर्वाद बहुत शक्तिशाली हैं और हमारे अभिशाप बहुत भयानक हैं और क्या आप जानते हैं कि इससे भी ज्यादा भयावह बात क्या है? हमारा बदला।

इसके बाद नवाजुद्दीन किसी को बेरहमी से मारते नजर आते हैं। इसके बाद दिखाया जाता है कि कैसे एक ट्रांसजेंडर कम्यूनिटी को ज्वाइन करने के लिए वह कई क्राइम करता है और हर बार बच जाता है। फिल्म में अनुराग कश्यप भी हैं जो एक पॉलिटिकल गैंगस्टर हैं। अनुराग, नवाजुद्दीन की गुरु और जहां सारे ट्रांसजेंडर रहते हैं वहां सबको मार देते हैं और इनकी मौत का बदला लेने के लिए अब नवाजुद्दीन, अनुराग के खिलाफ जाएंगे। फिल्म का ट्रेलर काफी जबरदस्त है।